आनंद का सच्चा भाव®

18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹96083/-

22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹117350/-

24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹128098/-

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand® Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 5 दिसंबर 2025




ग्वालियर पहुंचे सीएम डॉ. मोहन यादव ने हरिभूमि-आईएनएच-जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पूज्य पिताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया

## पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी का व्यक्तित्व समाज और संस्कृति के प्रति हमेशा समर्पण भाव का रहा

डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला और मंत्री राकेश सिंह ने भी ग्वालियर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को ढाढस बंधाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ग्वालियर

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज ग्वालियर पहुंचे, जहां उन्होंने हरिभूमि-आईएनएच-जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के सिंधी कॉलोनी स्थित निवास पहुंचकर संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री ने डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता ▶▶| शेष पेज 7 पर

# इंडिगो की देशभर में 500 से अधिक उड़ानें रद्द, रायपुर से कोलकाता और गोवा भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंबई/रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में परिचालन व्यवधान लगातार तीसरे दिन गुरुवार को भी जारी रहने से 500 से अधिक घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द कर दिया गया, जबकि कई उड़ानें देर से रवाना हुईं। इस वजह से हजारों यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। रायपुर से कोलकाता और गोवा की दो उड़ानें रद्द रहीं। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सूत्रों ने कहा कि दोपहर तक दिल्ली में इंडिगो की 95, मुंबई में 85, हैदराबाद में 70 और बेंगलुरु में 50 ▶▶| शेष पेज 7 पर

### आज से नई शेड्यूल पर उड़ानें संभव

*इंडिगो ने कहा है कि वह इस परिचालन समस्या पर काबू पाने के लिए शुक्रवार तक उड़ानों का संतुलित समायोजन करने जा रही है, जिसमें कुछ उड़ानों को रद्द करने के साथ कुछ उड़ानों को पुनर्निर्धारित किया जाएगा। इस बीच, इंडिगो की मूल कंपनी इंटर ग्लोब एविएशन का शेयर बीएसई में 2.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,466.55 रुपए पर आ गया।*



### इंडिगो को ही ठहराया जिम्मेदार

*पायलट निकाय फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स और एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलपीए) ने इस समस्या के लिए इंडिगो को ही जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि एयरलाइन के पास नियम लागू होने से पहले तैयारी के लिए दो साल का समय था लेकिन उसने भर्ती प्रक्रिया को धीमा रखा। इसके साथ ही पायलट संगठनों ने डीजीसीए से अनुरोध किया है कि एयरलाइंस* ▶▶| शेष पेज 7 पर

चार साल बाद भारत आए रूसी राष्ट्रपति



### पीएम मोदी ने एयरपोर्ट पर रूसी राष्ट्रपति से गले मिलकर गर्मजोशी से किया स्वागत

# दिल्ली पहुंचे पुतिन, कहा-भारत एक महान देश, मोदी दबाव में झुकने वाले नेता नहीं

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन अपने दो दिन के भारत दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे। उनका विमान पालम एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। ब्लैक सूट-बूट पहने पुतिन जैसे ही विमान से बाहर निकले। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरप्राइज कर दिया। रूसी राष्ट्रपति के विमान से उतरते ही पीएम मोदी ने उन्हें गले लगा लिया। पीएम मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर एयरपोर्ट पहुंचकर उन्हें रिसीव किया। इधर, पुतिन ने एक चैनल से बातचीत में कहा कि भारत एक महान देश है, पीएम मोदी दबाव में झुकने वाले नेता नहीं हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार शाम को करीब 27 घंटे के दौरे पर नयी दिल्ली पहुंचे। यह दौरा करीब आठ दशक पुरानी भारत-रूस साझेदारी को और मजबूत करने वाला है, एक ऐसी साझेदारी जो जटिल भू-राजनीतिक माहौल के बावजूद स्थिर बनी हुई है। दोनों नेता हवाई अड्डे से मोदी की कार में निकले और प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पहुंचे।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूसी राष्ट्रपति ने गुरुवार शाम को एक निजी समाचार चैनल को दिए गए साक्षात्कार में कहा कि भारत और रूस का सहयोग किसी भी देश के खिलाफ नहीं है। इसका उद्देश्य सिर्फ ▶▶| शेष पेज 7 पर

### पुतिन के दौरे पर दुनिया की निगाहें

पुतिन की यात्रा ऐसे वक्त हो रही है जब भारत और अमेरिका के बीच संबंध तनावपूर्ण हैं। उनकी यात्रा का मकसद समग्र द्विपक्षीय रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को विस्तार देना है। मोदी और पुतिन के बीच शुक्रवार को होने वाली शिखर वार्ता में रक्षा सहयोग बढ़ाने, द्विपक्षीय व्यापार को बाहरी दबावों से सुरक्षित रखने और छोटे 'मॉड्यूलर रिएक्टर' के क्षेत्र में संभावित सहयोग पर विशेष ध्यान दिए जाने की संभावना है।



### प्रधानमंत्री मोदी ने दिया रात्रिभोज

पीएम मोदी ने शाम में रूसी राष्ट्रपति के लिए एक निजी रात्रिभोज का आयोजन किया। इस अवसर पर मोदी के आधिकारिक आवास को रोशनी से जगमग किया गया था और फूलों से सजाया गया था। पिछले साल जुलाई में पुतिन ने भी प्रधानमंत्री की मॉस्को यात्रा के दौरान उनका इसी तरह का सत्कार किया था। बता दें कि रूसी राष्ट्रपति चार साल के अंतराल के बाद भारत पहुंचे। वे आखिरी बार भारत 2021 में भारत-रूस वार्षिक सम्मेलन में हिस्सा लेने आए थे। हालांकि पुतिन का इस बार का भारत दौरा पिछली यात्रा के मुकाबले काफी अहम माना जा रहा है।

### ये होंगे अहम समझौते

- 2030 इकोनॉमिक को ऑपरेशन प्रोग्राम
- सेक्टोरल एग्रीमेंट्स
- एसयू-57 स्टेल्थ फाइटर जेट डील
- एनर्जी कॉर्पोरेशन डील
- सिक्योरिटी कॉर्पोरेशन डील
- रेलोस लॉजिस्टिक सपोर्ट डिफेंस समझौता
- ब्रह्मोस मिसाइल अपग्रेड

### आज का कार्यक्रम

- राष्ट्रपति भवन में स्वागत समारोह
- राजघाट जाकर श्रद्धांजलि कार्यक्रम
- हैदराबाद हाउस में 23वीं शिखर वार्ता
- रात करीब साढ़े नौ बजे भारत से प्रस्थान

छत्तीसगढ़ के साथ मध्यप्रदेश, झारखंड की टीम छापे की कार्रवाई में शामिल

# स्टील कारोबारियों के 40 ठिकानों पर आईटी रेड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयकर विभाग ने गुरुवार को रायपुर, सिलतरा, उरला, सिमगा में 40 स्टील कारोबारियों के ठिकानों पर छापे मारे। रायपुर में कारोबारियों के निवास पर अफसरों की टीम तड़के पहुंची। छापे की कार्रवाई से लोहा कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। रायगढ़ में एक स्थान पर भी छापे की कार्रवाई की सूचना है। ▶▶| शेष पेज 7 पर

- लेन-देन के डिजिटल साक्ष्य की जांच में जुटी टीम

### दो सौ अफसरों की टीम दबिश देने पहुंची

छापे की कार्रवाई में आयकर विभाग के दो सौ अधिकारी, कर्मी शामिल हैं। इसके अलावा सुरक्षा के लिहाज से सौ के करीब सीआरपीएफ के जवान शामिल हैं। सभी ठिकानों पर छापे की कार्रवाई तड़के छह बजे शुरू की गई। आवासीय परिसर में छापे की कार्रवाई में महिला अफसरों को भी शामिल किया गया था। जिन स्थानों पर आयकर विभाग की टीम छापे की कार्रवाई करने पहुंची, आयकर अफसरों ने घर के ▶▶| शेष पेज 7 पर







CLASSIC GROUP
LIFESTYLE MATTERS

PRICE HIKE KA
CLASSIC RELIEF

बढ़े हैं REGISTRY के दाम
पर Classic के साथ Property लेना है
अब और भी आसान!

Classic Group के किसी भी Project में
बुक कीजिए अपना आशियाना और पाएं

100% REGISTRY
FREE*

HURRY UP!
Limited Period Offer

*T&C APPLY

SCAN TO KNOW MORE

CLASSIC TOWERS



READY POSSESSION
2 & 3 BHK Flats
AMLIDIH, RAIPUR
951 610 1000

CLASSIC CASTLE



Limited Premium Plots
NO FUTURE EXTENSION
KACHNA, RAIPUR
901 902 1000

SUMEET LANDSCAPE



Fully Developed Plots Available
800 - 2400 SQ.FT.
VIDHAN SABHA ROAD
722 500 1000

For more details visit www.rera.cgstate.com with RERA Numbers given below

Classic Towers
PCGRERA270223001615

Classic Castle
PCGRERA220620001124, P3CGRERA031120000020

Classic Ventures
CGRERA060320A000465

रायपुर

रायपुर, शुक्रवार 5 दिसंबर 2025

पौष कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
वर्ष : 24, अंक : 137
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5 .00**

मौसम
अधि. 28.20
न्यून. 10.6

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



9 बेल्जियम के खिलाफ आज क्वार्टर फाइनल...





विचार पेज
4 पुतिन की भारत यात्रा के आयाम







*मारे गए नक्सलियों में 9 महिलाएं ऑटोमेटिक हथियार व गोला बारूद बरामद*

# 20 घंटे चला ऑपरेशन, नक्सलियों के 18 शव बरामद, सवा करोड़ से ज्यादा के ईनामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के पश्चिम बस्तर डिविजन क्षेत्र में बुधवार सुबह 9 बजे से गुरूवार सुबह 5 बजे तक लगभग 20 घंटे तक मुठभेड़ चली। सुरक्षाबलों ने 18 नक्सली को मार गिराया गया है, जिनके शव बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों पर 1.30 करोड़ रुपए का ईनाम घोषित था, इनमें 10 लाख का ईनामी पीएलजीए कम्पनी नम्बर दो का कमाण्डर मोड़यिम वेल्ला समेत 9 महिला माओवादी भी शामिल हैं। इस मुठभेड़ में डीआरजी के तीन जवानों की शहादत हुई, वहीं तीन जवान घायल हो गए हैं।

गौरतलब है कि बीजापुर-दंतेवाड़ा जिले के सरहद से लगे नैमेड़ व भैरमगढ़ थाना क्षेत्र स्थित कचीलवार-पोटनार के जंगल में यह मुठभेड़ हुई। लगभग 20 घंटे तक चले इस ऑपरेशन में जवानों ने 1 करोड़ 30 लाख रुपए ईनामी 18 नक्सलियों को मार गिराया। हालांकि इस मुठभेड़ में सुरक्षा बल के ▶▶|शेष पेज 7 पर

हरिभूमि फॉलोअप




*कचीलवार-पोटेनार मुठभेड़ में मारे गए नक्सली झीरम, केशकुतुल टेकलगुड़म व धरमाराम कैम्प अटैक में थे शामिल*






## 16 नक्सलियों की हुई शिनाख्त

16 नक्सलियों की शिनाख्त हो चुकी है, जबकि दो के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। इनमें पीएलजीए कम्पनी नम्बर दो का इंचार्ज 10 लाख का ईनामी वेल्ला मोड़यिम के अलावा 8-8 लाख के ईनामी सीवायपीसी रैनु ओयाम कंपनी नम्बर 2, डीवीसीएम सन्नू अवलम, कंपनी नम्बर 7, पीपीसीएम नन्दा मीड़यिम पीएलजीए कंपनी नम्बर 2, पीपीसीएम लालू उर्फ सीताराम, पीपीसीएम राजू पूनेम, पीपीसीएम कामेश कवासी, पीपीसीएम लक्ष्मी ताती, पीपीसीएम बंडी माड़वी, पीपीसीएम सुखी लेकाम, पीपीसीएम सोमड़ी कुंजाम, पीएम चन्दु कुरसम, पीएम मासे ऊर्फ शांति, पीएम रीना मरकाम, ▶▶|शेष पेज 7 पर

## इलाके में शांति व्यवस्था मुख्य उद्देश्य जनवरी 2024 से अब तक 219 ढेर

एसपी बीजापुर डॉ जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि वर्ष 2025 में जिले में हुए अलग-अलग मुठभेड़ों में 161 माओवादी को मार गिराने में सुरक्षा बलों को सफलता मिली है। वहीं अलग अलग थाना क्षेत्रों में चलाए गए अभियान में 546 माओवादी गिरफ्तार व 560 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। ▶▶|शेष पेज 7 पर

## हिंसा छोड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं

आईजी सुन्दरराज पट्टीलिंगम ने कहा कि पुलिस सुरक्षा बलों और विभिन्न हितधारकों के बीच मजबूत समन्वय के कारण क्षेत्र में शेष माओवादी ठिकानों के विरुद्ध संचालित अभियान अब और अधिक तीव्र तथा प्रभावी हो गए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार, सुरक्षा बलों और बस्तरवासियों की सामूहिक इच्छाशक्ति, वामपंथी उग्रवाद के निर्णायक अंत की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। माओवादी प्रभाव से दूरस्थ क्षेत्रों को मुक्त कराना, शांति-व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा क्षेत्र में समावेशी और सतत विकास को बढ़ावा देना इन प्रयासों के प्रमुख उद्देश्य है। आईजी ने कहा शांतिपूर्ण और नक्सल-मुक्त ▶▶|शेष पेज 7 पर









## खबर संक्षेप

### न्यायाधीशों की पद पर बने रहने की आयु नहीं बढ़ेगी



**नई दिल्ली।** विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने राज्यसभा में कहा कि देश की विभिन्न अदालतों में न्यायाधीशों की पद पर बने रहने की आयु सीमा बढ़ाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। भारत में जिला अदालतों में न्यायाधीशों की आयु सीमा 60 वर्ष, उच्च न्यायालयों में 62 वर्ष और उच्चतम न्यायालय में 65 वर्ष है।

### डीयू के पूर्व प्रोफेसर हनी बाबू को जमानत



**मुंबई।** मुंबई उच्च न्यायालय ने एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में बिना मुकदमे के गिरफ्तारी के पांच साल से अधिक समय बाद गुरुवार दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर हनी बाबू को जमानत दे दी। खंडपीठ ने बाबू को एक लाख रुपये का निजी मुचलका और जमानत राशि जमा करने का निर्देश दिया।

## दीक्षांत समारोह में पूर्व राष्ट्रपति कोविंद

- 64 शोद्यार्थियों को शोध उपाधि
- 92 गोल्ड मेडल
- 36950 स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधि



**रायपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह का आयोजन गुरुवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के मुख्य आतिथ्य में गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल रमेन डेका ने की। अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव तथा उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य डॉ. दिवाकर नाथ वाजपेयी उपस्थित रहे। समारोह में 64 शोद्यार्थियों को शोध उपाधि, 92 गोल्ड मेडल एवं 36950 स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधि दी गई।

*संसद ने तंबाकू उत्पादों पर समान कर बोझ वाले केंद्रीय उत्पाद शुल्क विधेयक को दी मंजूरी*

# राज्यों को हिस्सेदारी पर बोलीं वित्त मंत्री-जरूरी चीजों पर 'स्वास्थ्य व राष्ट्रीय सुरक्षा सेस' नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसद ने को केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 को पारित कर दिया, जिसमें तंबाकू उत्पादों पर जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त होने के बाद समान कर बोझ रखने के लिए उत्पाद शुल्क लगाने का प्रावधान है। राज्यसभा में उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 में संशोधन वाले विधेयक पर चर्चा और वित्त मंत्री



निर्मला सीतारमण के जवाब के बाद उच्च सदन ने इसे ध्वनिमत से लौटा दिया। लोकसभा इसे बुधवार को पारित कर चुकी है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला ▶▶|शेष पेज 7 पर

### क्यों लाया गया यह नया बिल?

निर्मला सीतारमण ने बताया कि इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय महत्व के दो प्रमुख क्षेत्रों-स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा- के लिए एक 'समर्पित और निश्चित संसाधन प्रवाह' तैयार करना है। उन्होंने कहा, यह एक उपकर है और इसे किसी भी आवश्यक वस्तु पर नहीं लगाया गया है।

## एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट का राज्य सरकारों को निर्देश

# बीएलओ पर काम का दबाव कम करें, छुट्टी भी दीजिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को विभिन्न राज्यों में एसआईआर में लगे बीएलओ के सामने आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए कई निर्देश जारी किए। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने संबंधित राज्यों को एसआईआर ड्यूटी के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति ▶▶|शेष पेज 7 पर

अलग खबर

*देश के 12 राज्यों में मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ की मौत पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। कोर्ट ने राज्य सरकारों को बीएलओ की कार्य स्थितियों के लिए जिम्मेदार ठहराया और छुट्टी मांगने वालों को राहत देने को कहा।*




### इनकी याचिका पर सुनवाई

यह निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने तमिलगा वेत्री कझगम नाम की राजनीतिक पार्टी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। इस याचिका में बताया गया था कि भारत निर्वाचन आयोग के लिए काम करने वाले कई बीएलओ बहुत ज़्यादा काम के दबाव में रहते हैं।

### कोर्ट ने ऐसे निर्देश

- राज्य को अतिरिक्त कर्मचारी तैनात करने चाहिए ताकि काम के घंटे कम किए जा सकें।
- जहां भी किसी व्यक्ति के पास छूट मांगने के लिए कोई विशिष्ट कारण हो, राज्य सरकार ऐसे अनुरोधों पर विचार करेगी।
- यदि कार्यबल बढ़ाने की आवश्यकता हो, तो राज्य कार्यबल उपलब्ध कराने के लिए बाध्य है।
- यदि किसी अन्य प्रकार से राहत नहीं मिलती है, तो पीड़ित व्यक्ति न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकता है।



पुतिन के जीवन के पन्ने भी जासूसी उपन्यास जैसे **हैरतअंगेज**

# कभी केजीबी के जासूस थे पुतिन, कई देशों में रहे हैं तैनात

## दुनिया के सर्वाधिक ताकतवर नेताओं में से एक हैं रूसी राष्ट्रपति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इन दिनों वे भारत दौरे पर हैं। पुतिन का नाम दुनिया के ताकतवर नेताओं में शुमार हैं। आज उनके सुरक्षा दस्ते में बड़ी संख्या में कमांडो चलते हैं। जासूसों की भी टीम परदे के पीछे सक्रिय रहती है। लेकिन आपको शायद पता न हो कि दुनिया का यह शक्तिशाली नेता खुद भी जासूसी किया करता था और कई देशों में बतौर जासूस तैनात रहा था। जी हां, पुतिन केजीबी एजेंट थे।

### जासूसी उपन्यास पढ़ते-पढ़ते बने जासूस

पुतिन ने लेनिनग्राद स्टेट यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद साल 1975 में वह सोवियत खुफिया सेवा (केजीबी) में चले गए। केजीबी के लिए काम करना जासूसी उपन्यास पढ़ने वाले पुतिन के लिए एक सपना था। वे कई देशों में तैनात रहे, उन्हें केजीबी में लेफ्टिनेंट कर्नल की रैंक दी गई थी, लेकिन केजीबी में उनका काम सामान्य ही थी। बीबीसी ने अपनी एक रिपोर्ट में पुतिन के पूर्व वरिष्ठ सहयोगी निकोलई लियोनोव के हवाले से कई जानकारियों का खुलासा किया था।

### सियासत में ऐसे मारी एंट्री

केजीबी छोड़ने के बाद साल 1991 में पुतिन लेनिनग्राद के मेयर अनातोली सोबचक के डिप्टी बन गए। धीरे-धीरे उन्होंने उनका भरोसा जीता और उनके सबसे करीबी एडवाइजर बन गए। जब सोबचक मेयर पद से हटे तो पुतिन मॉस्को पहुंच गए और उन्होंने राष्ट्रपति प्रशासन के लिए काम करना शुरू कर दिया। उस वक्त रूस में बोरिस येल्तसिन राष्ट्रपति थे। उनकी सरकार के आखिरी दिन चल रहे थे। इन्हीं दिनों में पुतिन तेजी के साथ आगे बढ़े। इसी बीच वह कुछ समय के लिए केजीबी की जगह बनी फेडरल सिक्योरिटी सर्विस के चीफ भी रहे।

### ऐसे मिली थी उन्हें राष्ट्रपति की कुर्सी

साल 1999 में चेचन्या अलगाववादियों के साथ जंग छेड़कर उन्होंने चेचन्या को वापस रूस में मिला लिया। इसके बाद पुतिन की लोकप्रियता बढ़ी और 31 दिसंबर 1999 को उन्हें कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त कर दिया गया। इसके तीन महीने बाद उन्होंने अपना पहला राष्ट्रपति कार्यकाल जीत लिया।

### स्ट्रीट फाइटिंग करने वाला मामूली लड़का

रूस के इस ताकतवर नेता का उदय किसी कल्पना से कम नहीं है। पुतिन की कहानी शुरू होती है लेनिनग्राद के एक ऐसे अपार्टमेंट से, जहां जिंदगी जीने के लिए बेसिक चीजों भी नहीं थीं। लेकिन स्ट्रीट फाइटिंग करने वाले एक मामूली लड़के से उन्होंने राष्ट्रपति तक का सफर तय किया।

**जब चूहा दे गया सबक**

पुतिन बचपन में जिस अपार्टमेंट में रहते थे, वहां बहुत सारे चूहे थे। वो चूहों को लकड़ी लेकर भगाते रहते थे। एक दिन उनका पाला पड़ गया एक बड़े चूहे से. पुतिन ने एक लकड़ी उठाई और उसे भगाना शुरू कर दिया। आगे-आगे चूहा, पीछे-पीछे पुतिन. एक जगह जाकर सामने दीवार आ गई और चूहे को भागने की जगह नहीं मिली. चूहे ने खुद को पुतिन के सामने फंसा हुआ महसूस किया। लेकिन चूहे ने हार नहीं मानी और पलटकर पुतिन पर झपट पड़ा। पुतिन ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उस चूहे से सबक मिला कि अगर आप घिर जाएं तो क्या करना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया था कि पचास साल पहले लेनिनग्राद की गली के झगड़ों ने भी एक चीज सिखाई थी। उन्होंने कहा था कि अगर आपको लगे कि कहीं लड़ाई होगी ही, उसके बिना काम नहीं चलेगा, तो ऐसे में सबसे पहला मुक्का आपको मारना होगा।

---

## लोकसभा में चर्चा के दौरान विपक्ष ने उठाई जांच की मांग

# सरकारी तंत्र के लोग हैं शामिल 'नकली दवाई' से गरमाया सदन

**सपा सांसद ने किया प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता का दावा**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



समाजवादी पार्टी (सपा) की एक सांसद ने उत्तर प्रदेश में नकली कफ सिरप की बिक्री का मुद्दा बृहस्पतिवार को लोकसभा में उठाया और पूरे मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच कराने की सरकार से मांग की। शून्यकाल के दौरान सपा सांसद प्रिया सरोज ने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि पिछले महीने अक्टूबर में एक खतरनाक अवैध दवा के सेवन के कारण कई मासूम बच्चों की मौत हो गई। उन्होंने दावा किया कि इस पूरे प्रकरण में अब तक 98 से अधिक प्राथमिकी दर्ज हुई है। उन्होंने इसमें प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता होने का दावा करते हुए कहा कि जौनपुर तथा वाराणसी और इसके आसपास के क्षेत्रों में भी इस सिंडिकेट की गहरी जड़ें होने की बात सामने आई है। सपा सांसद ने कहा, 'मीडिया रिपोर्ट से यह भी सामने आया है कि इस पूरे नेटवर्क में सरकारी तंत्र से जुड़े कुछ लोग शामिल हैं।' उन्होंने कहा कि यह साफ है कि फर्जी कंपनियां बिना लाइसेंस के संचालित हो रही हैं और हवाला के लेनदेन के जरिये इन नकली दवाइयों का कारोबार लंबे समय से चल रहा है। उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष और गहन जांच कराने की केंद्र से मांग की।

### स्वास्थ्य माफिया के संरक्षण में बिक रहीं नकली दवाइयां

सपा सांसद राजीव राय ने 'स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025' पर चर्चा में भाग लेते हुए, नकली दवाइयों की बिक्री का मुद्दा उठाया। उन्होंने दावा किया कि उनके निर्वाचन क्षेत्र (घोसी) में 'स्वास्थ्य माफिया के संरक्षण में नकली दवाइयां बिक रही हैं, फर्जी अस्पताल और फर्जी नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं।' उन्होंने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य क्षेत्र में 'माफिया सत्ता और सरकार के संरक्षण में काम कर रहा है।'

### हिंदी में बोलने पर आपत्ति उठाई सीतारमण भड़कीं

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बृहस्पतिवार को तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत रॉय पर उस वक्त निशाना साधा, जब उन्होंने (रॉय ने) एक विधेयक पर केंद्रीय मंत्री के हिंदी बोलने को लेकर आपत्ति जताई। सीतारमण ने कहा कि सदन में अनुवाद तकनीक मौजूद है और यह (तकनीक) सदस्यों को किसी भी भाषा में दिये गये संबोधन का अनूदित रूप सुनने में सक्षम बनाती है। रॉय ने लोकसभा में 'स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक 2025' पर कहा कि उन्हें इस विषय पर मंत्री के हिंदी में दिए गए संबोधन को समझने में कठिनाई हुई। उन्होंने कहा, 'निर्मला जी ने भी हिंदी में बात की। मैं उनकी बात समझ नहीं पाया, क्योंकि हम बंगाली हैं; हम हिंदी का इतना अधिक ज्ञान नहीं रखते।' इस पर, पीठासीन सभापति जगदम्बिका पाल ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि सदन की कार्यवाही कई भाषाओं में उपलब्ध है। उन्होंने रॉय से कहा, 'यह पहले से ही संसद ऐप पर उपलब्ध है; आप इसे देख सकते हैं।'

---

# अब नेपाल ले जा सकेंगे 200-500 के भारतीय नोट

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नेपाली रुपया और भारतीय रुपया के प्रचलन से संबंधित पुराने नियमों में बड़ा बदलाव (संशोधन) किया है। अब नेपाल में भारतीय रुपये के 200 और 500 मूल्य के नोट भी ले जाने और इस्तेमाल करने की अनुमति मिल गई है। इससे पहले नेपाल में बड़े मूल्य के भारतीय नोटों पर प्रतिबंध था, जिससे यात्री और व्यापारियों को काफी परेशानी होती थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन नियमों में संशोधन करते हुए यह फैसला लिया है कि भारत से नेपाल या भूटान यात्रा करने वाले यात्री अब 25,000 रुपये तक की भारतीय मुद्रा, जिसमें 200 और 500 के नोट भी शामिल हैं, अपने साथ ले जा सकेंगे। इसके साथ ही नेपाल या भूटान से भारत लौटते वक्त भी इसी सीमा तक भारतीय नोट लाना संभव होगा। ये कदम दोनों देशों के बीच आर्थिक और सामाजिक संपर्कों को और मजबूत बनाने का प्रयास माना जा रहा है।

---

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पुरानी परंपराओं का हवाला देकर लगाया आरोप

# 'सरकार नहीं चाहती मैं पुतिन से मिलूं, यह इनसिक्योरिटी'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत दौरे पर हैं। इधर, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार नहीं चाहती है कि विपक्ष और रूस के राष्ट्रपति के बीच में कोई मुलाकात हो। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए चिंताजनक बताया। गांधी ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'आम तौर पर यह परंपरा होती है कि बाहर से जो भी आते हैं, उनकी एलओपी के साथ मुलाकात होती है। ये पूर्व पीएम मनमोहन सिंह और अटल बिहारी वाजपेयी के समय में होता था। लेकिन आजकल क्या होता है जो विदेशी गणमान्य लोग आते हैं या जब मैं कहीं बाहर जाता हूं तो सरकार उनको सलाह देती है कि उनको एलओपी से नहीं मिलना चाहिए। ये सरकार की पॉलिसी है और ये हर बार यही करते हैं।' यह मोदी सरकार की इनसिक्योरिटी है। प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्रालय अब असुरक्षा की वजह से ऐसा नहीं करते।'

### भगवान ही जाने कि वे किससे डरते हैं- प्रियंका

इस मुद्दे पर प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, 'यह बहुत अजीब है। सरकार द्वारा प्रोटोकॉल को उलट दिया जा रहा है। भगवान ही जाने कि वे किससे डरते हैं। लोकतंत्र में सभी को अपनी राय रखने का अधिकार होना चाहिए, चर्चा होनी चाहिए और उचित कार्रवाई होनी चाहिए। सरकार असुरक्षित महसूस करती है और यह फैसला उसी का प्रतिबिंब है। दुनिया में लोकतंत्र की छवि धूमिल हुई है।'

### राहुल का बयान गैर-जिम्मेदाराना **भाजपा**

राहुल के बयान को भाजपा ने गैरजिम्मेदाराना करार दिया है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा राहुल कहते हैं, जब भी वह विदेश जाते हैं, हमारी सरकार उन देशों के नेताओं से अनुरोध करती है कि वे उनसे न मिलें। ऐसे बयान देना गैर-जिम्मेदाराना है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय विशिष्ट व्यक्तियों को नेता प्रतिपक्ष से मिलने की अनुमति नहीं दी जाती क्योंकि भारत सरकार असुरक्षित महसूस करती है। भारत सरकार राहुल गांधी से क्यों असुरक्षित महसूस करेगी? पात्रा ने कहा, नेता प्रतिपक्ष का बयान तथ्यों पर आधारित नहीं हैं।


असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम ®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देंखे
94060-21769

---

**विदेश मंत्रालय से सख्त कदम उठाने कहा**

# शाहबाज-मुनीर को बैन करने 44 अमेरिकी सांसदों की चिट्ठी

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन



अमेरिकी सांसदों ने विदेश मंत्री को चिट्ठी लिखकर पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर और पीएम शहबाज के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की है। अमेरिकी संसद के 44 सांसदों ने बुधवार को विदेश मंत्री मार्को रुबियो को चिट्ठी लिखकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है। सांसदों का आरोप है कि पाकिस्तान में सेना सरकार चला रही है। देश में आम लोगों के अधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हो रहा है। विदेश में रहने वाले पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी नागरिकों को भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने पर धमकियां दी जा रही हैं।

### बढ़ रही तानाशाही

यह चिट्ठी डेमोक्रेटिक महिला सांसद प्रमिला जयपाल और सांसद ग्रेग कासर के नेतृत्व में लिखा गया है। इसमें सांसदों ने कहा कि पाकिस्तान में तानाशाही बढ़ रही है। पत्रकारों को धमकाया जा रहा है, अगवा किया जा रहा है या देश छोड़ने पर मजबूर किया जा रहा है। सांसदों ने चिट्ठी में कुछ घटनाओं का जिक्र किया। इनमें वर्जीनिया के मशहूर जर्नलिस्ट अहमद नूरानी का मामला शामिल हैं। नूरानी ने पाकिस्तानी सेना के भ्रष्टाचार पर रिपोर्टिंग की थी, जिसके बाद पाकिस्तान में रहने वाले इनके दोनों भाइयों को एक महीने से ज्यादा समय तक अगवा करके रखा गया था। चिट्ठी में सांसदों ने पाकिस्तान में बढ़ते तानाशाही संकट को लेकर चिंता जताई है।

---

**सुप्रीम कोर्ट ने दी अंतरिम सुरक्षा**

# यूपी में एक हफ्ते तक नहीं चलेगा बुलडोजर!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



उत्तर प्रदेश में घर और मैरिज हॉल के कथित अवैध निर्माण पर की जा रही कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को याचिकाकर्ताओं को एक हफ्ते की अंतरिम सुरक्षा दी है। इस दौरान अदालत ने स्पष्ट कहा कि अगले सात दिनों तक दोनों पक्ष स्टेटस को बनाए रखें, यानी अब इस अवधि में आगे कोई तोड़फोड़ नहीं की जाएगी। मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच, जिसमें जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता शामिल रहे, ने कहा कि याचिकाकर्ता अब इलाहाबाद हाईकोर्ट में मामला उठाएं और वहां से राहत लें। इस दौरान बेंच ने शुरू में पूछा कि याचिकाकर्ता सीधे सुप्रीम कोर्ट क्यों आए, जबकि पहले उन्हें हाईकोर्ट जाना चाहिए था।

### 'बिना नोटिस तोड़ा गया ढांचा'

याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि एक याचिकाकर्ता की उम्र 75 वर्ष है, उन्होंने प्रशासन से नोटिस और सुनवाई की मांग की थी, लेकिन बिना किसी नोटिस के ढांचे में आंशिक तोड़फोड़ कर दी गई। वकील ने आगे कहा कि अभी भी बुलडोजर मौके पर मौजूद हैं और कभी भी पूरा ढांचा गिराया जा सकता है। इस पर अदालत ने कहा, 'हम एक हफ्ते की सुरक्षा दे देते हैं, इस दौरान आप हाईकोर्ट में जाइए और तत्काल सुनवाई की मांग करें।'

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सज्जन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
24/7 Emergency Services
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:- 7987119756, 9303508130

Care With Confidence

सुयश हॉस्पिटल

NABH

# 16 वर्षों का स्वर्णिम सफर

उत्कृष्ट विशेषज्ञता, समर्पित देखभाल और आपके अटूट विश्वास ने हमें हर दिन बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने की प्रेरणा दी है।

## आपके विश्वास के लिए हार्दिक आभार...



## 250 बिस्तरों वाला आधुनिक मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल

9,50,000+ OPD एवं हेल्थ चेक-अप | 74,500+ सफल सर्जरी | 40-बेडेड, फुली-फैसिलिटेटेड ICU-गंभीर मरीजों की मॉनिटरिंग और केयर | 7 अल्ट्रा-मॉडर्न ऑपरेशन थिएटर | 24×7 Emergency, Trauma एवं Ambulance सेवाएँ | हर विभाग में अनुभवी डॉक्टरों एवं समर्पित विशेषज्ञ टीम

## क्या आप सच में स्वस्थ हैं?

### जानिएं

**वेलनेस गोल पैकेज**
₹1500/-
(20–40 साल)

**वेलनेस जर्नी पैकेज**
₹2000/-
(41–60 साल)

एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है

अधिक जानकारी के लिए QR कोड scan करें

**रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें- 9109956720**

24 hours एम्बुलेंस, दुर्घटनायें एवं आपातकालीन सेवाएं... हेल्पलाईन एवं इमरजेंसी : 0771-2575311 9926386660

कोटा-गुढियारी रोड, होटल पिकाडिली के पीछे, रायपुर (छ.ग.)

फोन : +91-7400970002, +91-771-2572265, +91-771-2575275, +91-771-2572222

वेबसाईट : www.suyashhospitalraipur.com | ई-मेल : suyashhospital.raipur@gmail.com

Ajay Publicity

चिंतन

# एसआईआर पर लगी अब 'सुप्रीम' मुहर

विपक्ष द्वारा किए जा रहे शोर-शराबे और हंगामे के बीच अब सुप्रीम कोर्ट ने भी स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) पर मुहर लगा दी है। गुरुवार को शीर्ष अदालत में भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारी एसआईआर सहित दूसरे वैधानिक कामों को करने के लिए बाध्य हैं। वहीं, राज्य सरकारों का भी कर्तव्य है कि वे चुनाव आयोग (ईसी) को कर्मचारी उपलब्ध करवाएं। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से साफ है कि अब एसआईआर का काम रुकने वाला नहीं है। हालांकि शीर्ष अदालत ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया कि वे एसआईआर में लगे बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के काम के दबाव को कम करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती पर विचार करें। इससे बीएलओ पर काम का दबाव कम होगा। बता दें कि एसआईआर में लगे अब तक 29 बीएलओ की मौत हो चुकी है। वहीं, चुनाव आयोग ने 30 नवंबर को एसआईआर की समय सीमा एक सप्ताह बढ़ाने का फैसला किया था। आयोग ने कहा था कि अब अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश को देश के 12 राज्यों में चल रहे गहन वोटर पुनरीक्षण यानी एसआईआर पर विपक्ष के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि एसआईआर कराने को लेकर चुनाव आयोग के अधिकारों को चुनौती नहीं दी जा सकती। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और उसके पास ऐसा करने का पूरा संवैधानिक और कानूनी अधिकार है। शीर्ष अदालत ने इस प्रक्रिया को रोकने से साफ इनकार कर दिया। इसके साथ ही यह भी कहा कि अगर इसमें कोई अनियमितता सामने आई तो वह तुरंत सुधार के आदेश देगा। बेंच ने राजद सांसद मनोज झा की याचिका पर कहा कि एसआईआर की जरूरत पर सवाल उठाने वाले तर्कों में कोई दम नहीं है। सीजेआई ने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में चुनाव को त्योहार की तरह मनाया जाता है। वहां हर व्यक्ति को पता होता है कि गांव का निवासी कौन है और कौन नहीं। वहां अधिकतम मतदान होता है और लोग अपने वोट को लेकर बहुत सजग रहते हैं। मतदाता सूची को शुद्ध और अपडेट रखना चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व है और इसके लिए वह जरूरी कदम उठा सकता है। इसके लिए उसे रोका नहीं जा सकता। एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर कोई ठोस शिकायत अभी तक सामने नहीं आई है, इसलिए इसे रोकने का कोई आधार नहीं बनता। अगर कोई वास्तविक शिकायत या अनियमितता सामने आती है तो वह तुरंत हस्तक्षेप करेगा और सुधार के आदेश देगा। कोर्ट ने यह भी भरोसा दिलाया कि कोई भी पात्र मतदाता इस प्रक्रिया की वजह से अपने अधिकार से वंचित न हो, इसके लिए वह चौकस रहेगा। राजद सांसद मनोज झा ने अपनी याचिका में एसआईआर को लोगों को मताधिकार से वंचित करने की सुनियोजित कोशिश बताया था। कोर्ट ने हालांकि प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि अभी तक कोई ऐसा सबूत नहीं दिया गया है जिससे यह लगे कि यह प्रक्रिया व्यापक स्तर पर लोगों को नुकसान पहुंचा रही है। यह मामला अब आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर लिया गया है, लेकिन फिलहाल एसआईआर का काम पूरे देश में निर्बाध रूप से जारी रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने इसे रोकने से इनकार कर विपक्ष को तगड़ा झटका दिया है।

# पुतिन की भारत यात्रा के आयाम



शिखर सम्मेलन
प्रभात कुमार रॉय

अमेरिका और यूरोपियन यूनियन के विकट कूटनीतिक दबाव के बावजूद भारत द्वारा राष्ट्रपति पुतिन का खैरमकदम रेड कार्पेट बिछाकर किया गया है। यह साबित करता है कि भारत अपनी रणनीतिक खुदमुख्तारी पर अडिग है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से पहले रूस की संसद ड्यूमा द्वारा इंडिया रशिया रेसीप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट एग्रीमेंट को पारित कर दिया गया है। इस एग्रीमेंट के तहत दोनों देशों को एक-दूसरे के देश में अपनी सेनाओं को भेजने, इंडिया और रशिया के युद्धपोतों को एक-दूसरे देश के बंदरगाहों में प्रवेश करने, एयर स्पेस, और एयर फील्ड्स को इस्तेमाल करने की अनुमति प्रदान की गई है।

भारत और रूस के वार्षिक शिखर सम्मेलन के अवसर पर राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की नई दिल्ली यात्रा से भारत और रूस के मध्य एक नए कूटनीतिक युग का सूत्रपात हो चुका है। अमेरिका और यूरोपियन यूनियन के विकट कूटनीतिक दबाव के बावजूद भारत द्वारा राष्ट्रपति पुतिन का खैरमकदम रेड कार्पेट बिछाकर किया गया है। यह साबित करता है कि भारत अपनी रणनीतिक खुदमुख्तारी पर अडिग है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से पहले रूस की संसद ड्यूमा द्वारा इंडिया रशिया रेसीप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट एग्रीमेंट को पारित कर दिया गया है।

इस एग्रीमेंट के तहत दोनों देशों को एक-दूसरे के देश में अपनी सेनाओं को भेजने, इंडिया और रशिया के युद्धपोतों को एक-दूसरे देश के बंदरगाहों में प्रवेश करने, एयर स्पेस, और एयर फील्ड्स को इस्तेमाल करने की अनुमति प्रदान की गई है। विगत तीन वर्षों से अमेरिका और यूरोपियन यूनियन राष्ट्रपति पुतिन को वैश्विक मंचों से अगल-थलग करने के प्रयास में जुटे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि आजादी के बाद से ही भारत वस्तुतः सोवियत रूस का एक अत्यंत निकट रणनीतिक साझीदार देश रहा। वर्ष 1991 में सोवियत रूस के राजनीतिक विघटन के तत्पश्चात भी भारत और रूस के मध्य स्थापित हुए ताल्लुकात में रणनीतिक निकटता और आर्थिक सहयोग बाकायदा बरकरार रहा। एक ऐसा ऐतिहासिक दौर भी था, जबकि विखंडित भारत से जन्म लिए मुल्क पाकिस्तान का अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिमी देशों की शक्तियां प्रबल तौर से सैन्य समर्थन कर रही थी। अमेरिका के नेतृत्व में पाकिस्तान को सैन्य संगठन सेंट्रल मिलिट्री ट्रिटी ऑर्गनाइज़ेशन (सैंटो) का सक्रिय सदस्य बनाया गया था। तत्कालीन सोवियत रूस द्वारा कामरेड खुरुश्चोव के काल से ही भारत को प्रबल आर्थिक सहयोग और सैन्य समर्थन प्रदान किया गया।

पाकिस्तान और भारत के मध्य अक्तूबर 1947 से पाक आक्रमण से उपजे रक्तरंजीत कश्मीर विवाद पर संयुक्त राष्ट्र की सिक्योरिटी काउंसिल में भारत के समर्थन में रूस द्वारा छह दफा वीटो अंजाम दिया गया। आज के दौर में जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पूरी तरह से कमर कसकर पाकिस्तान का पक्ष लेने और उसकी सक्रिय हिमायत करने में उतारू हो गए हैं और भारत के विरुद्ध अन्यायपूर्ण तौर पर टैरिफ आयद करने के निरंतर एक के बाद एक निर्णय ले रहे हैं। भारत के लिए संकटपूर्ण आर्थिक दौर में रूस के राष्ट्रपति पुतिन द्वारा भारत के समक्ष प्रबल रणनीतिक और आर्थिक सहयोग स्थापित करने की कूटनीतिक पेशकश की गई है। राष्ट्रपति पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पस्कोव ने बयान में कहा कि देखना है कि भारत और रूस के मध्य सहयोग को शिखर बिंदु पर ले जाए जाने की राष्ट्रपति पुतिन की पेशकश को भारत किस अंदाज से स्वीकार करता है। पेस्कोव ने आगे फरमाया कि भारत के साथ रूस अपना आर्थिक और रणनीतिक सहयोग कूटनीतिक सरहदों से कहीं अधिक ऊपर जाकर स्थापित करने के लिए तत्पर है। उन्होंने अपने कूटनीतिक अंदाज में कहा कि भारत जिस हद तक रूस के साथ सहयोग के लिए अपने कदमों को आगे बढ़ाएगा, निश्चित तौर पर रूस भी भारत के साथ उसी गति से अधिकाधिक सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार हो जाएगा। भारत की अपनी



यात्रा प्रारंभ करने से ठीक पहले रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने भी अपने बयान में कहा कि रूस की सरकार भारत के साथ अपने संबंधों को एक उच्च शिखर तक ले जाना चाहती है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारणवश रूस अनेक वर्षों से अमेरिका और यूरोपियन यूनियन द्वारा आयद किए गए कड़े आर्थिक प्रतिबंधों का निरंतर सामना कर रहा है। इस कारण रूस की आर्थिक और सैन्य निर्भरता चीन के ऊपर बहुत अधिक बढ़ गई है।

चीन पर रूस की बढ़ती हुई निर्भरता को संतुलित करने की खातिर रूस के राष्ट्रपति पुतिन को भारत के रणनातिक और आर्थिक सहयोग की प्रबल आवश्यकता प्रतीत हो रही है। अतः राष्ट्रपति पुतिन भारत को चीन के समकक्ष रणनीति दर्जा प्रदान करने के लिए तैयार हो गए और चीन पर निरंतर बढ़ती हुई रूस की निर्भरता को भारत के साथ मिलकर संतुलित करने का जोरदार प्रयास कर रहे हैं। सर्वविदित है कि विश्व पटल पर शीत युद्ध का एक बार फिर से आगाज हो चुका है और दुनिया दो सैन्य गुटों में विभाजित होती हुई नज़र आने लगी है। जहां एक तरफ अमेरिका के नेतृत्व में नाटो सैन्य शक्तियां विद्यामान हैं, तो दूसरी तरफ रूस, चीन और ईरान आदि अनेक देशों का सैन्य गुट सन्नद है। आजादी के संपूर्ण दौर में भारत परंपरागत तौर पर नेहरू युग से ही एक गुटनिरपेक्ष देश रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौर में भी स्वतंत्र विदेश नीति पर बाकायदा गतिशील रहते हुए, भारत ने गुटनिरपेक्ष नीति का सदैव अनुसरण किया है। रूस का अत्यंत निकट रणनीतिक सहयोगी देश होते हुए भी रूस की खातिर, भारत द्वारा अमेरिका का कदाचित परित्याग नहीं किया गया। वर्ष 2001 में अमेरिका के न्यूयॉर्क ट्रेड सेंटर पर 9/11 के नृशंस जेहादी आक्रमण के पश्चात भारत और अमेरिका राजनीतिक और रणनीतिक रूप से निकट आ गए। वर्तमान काल में अघोषित शीत युद्ध के दौर में भारत अनेक विकट चुनौतियों से जूझ रहा है। खासतौर पर अमेरिका द्वारा पेश की गई टैरिफ आक्रमण की भीषण चुनौती से भारत का सामना है। वर्ष 1971 में बांग्लादेश युद्ध करते हुए भारत ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में सोवियत रूस के साथ एक 20 वर्षीय सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किए थे, तब भी अपनी स्वतंत्र गुटनिरपेक्ष नीति पर भारत बाकायदा कायम बना रहा और अपने संबंधों को किसी भी तौर पर पाकिस्तान का सैन्य समर्थन करने वाले अमेरिका के साथ कदाचित शिथिल नहीं होने दिया था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भयानक तौर पर किए जा रहे टैरिफ आक्रमणों के बावजूद भारत ने अभी तक अमेरिका के विरुद्ध कोई प्रतिशोधात्मक कार्यवाही नहीं की है। भारत द्वारा अमेरिका के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट अंजाम देने के प्रयास निरंतर जारी रखे गए हैं। उल्लेखनीय है कि भारत की निर्भरता रक्षा क्षेत्र में रूस से निरंतर आयात की जाती रही सैनिक सैन्य सामग्री पर सदैव से रही है। भारत के रक्षा क्षेत्र में तकरीबन 70 फ़ीसदी आधुनिकतम हथियार रूस द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं।

इंडिया रशिया रेसीप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक नेटवर्क से जुड़कर भारत को बेहद फायदा होगा। भारत द्वारा विगत कुछ वर्षों से बहुत बड़े पैमाने पर रूस से कच्चे तेल का आयात किया जाता रहा है। रूस से कच्चा तेल आयात करने में फिलहाल 30 फीसदी की कटौती कर दी गई है। भारत और रूस के मध्य व्यापार संतुलन वस्तुतः रूस के पक्ष में कायम बना रहा है। राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा के दौरान भारत और रूस के परस्पर व्यापार संतुलन पर भी एक समझौता अंजाम दिया गया है, ताकि व्यापार संतुलन को स्थिर करने के लिए भारत से रूस को इंजीनियरिंग सामान, फार्मास्यूटिकल, रसायन, कृषि सामान का निर्यात बढ़ाया जाएगा। इसके अतिरिक्त कपड़ा, परिधान, चमड़े के समान, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ भी भारत से बड़े पैमाने पर आयात किए जाएंगे।

(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

नामकरण
प्रो. महेश चंद गुप्ता




# भारतीय संस्कृति में नाम बदलने के निहितार्थ

अक्सर कहा जाता है कि नाम में क्या रखा है? लेकिन भारतीय संस्कृति इस प्रश्न का सीधा उत्तर देती है कि नाम में ही सब कुछ रखा है। हमारे यहां 'यथा नाम तथा गुण' की परंपरा उतनी ही पुरानी है जितनी हमारी सभ्यता। जब हम 'राम' का नाम लेते हैं तो हमारे भीतर स्वतः शांति, करुणा और मर्यादा का भाव जाग उठता है। 'कृष्ण' का नाम लेते ही मन में प्रेम, और मधुरता की अनुभूति होती है। हमारी मान्यताओं के अनुसार नाम एक ध्वनि है, ऊर्जा है, पहचान है और दिशा है। इसीलिए हमारे समाज में नाम केवल किसी की पहचान ही नहीं है बल्कि यह व्यक्तित्व और नेतृत्व का वाहक है। मौजूदा दौर में जब दुनिया के अनेक देशों में मूल्यहीनता, आपसी संघर्षों, तानाशाही और सत्ता केंद्रित शासन का बोलबाला है, तब मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम 'सेवा तीर्थ', राजभवनों का नाम 'लोक भवन' और केंद्रीय सचिवालय का नाम 'कर्तव्य भवन' करके एक गहरी सांस्कृतिक चेतना को पुनर्जीवित किया है। यह केवल बोर्ड बदलने अथवा दीवारों पर नई पट्टिका लगाने का कदम भर नहीं है, बल्कि इसके पीछे शासन की आत्मा बदलने वाले सांकेतिक, दार्शनिक और वैचारिक बदलाव की भावना निहित है। पीएम नरेंद्र मोदी बार-बार कहते रहे हैं कि वे प्रधान सेवक हैं और उनका कार्य सत्ता का प्रदर्शन नहीं बल्कि सेवा की साधना है। उनके इसी मनोभाव के अनुरूप प्रधानमंत्री कार्यालय को अब सेवा तीर्थ कहा जाएगा। हमारे यहां तीर्थ शब्द का बड़ा महत्व है। तीर्थ शब्द पवित्रता, तप, श्रद्धा और जन कल्याण के भाव को व्यक्त करता है। हम तीर्थ उन स्थानों को कहते हैं, जहां लोग समाधान, शांति और आशा की उम्मीद लेकर जाते हैं। मोदी सरकार ने पीएमओ को तीर्थ कहकर यह संदेश दिया है कि वहां सत्ता संचालन नहीं, सेवा का कार्य होगा। इसी प्रकार राज भवनों का नाम बदलकर लोक भवन करना एक क्रांतिकारी कदम है। 'राज' शब्द में हमेशा एक दूरी, एक अधिकार और सत्ता भाव का अहसास जनमानस को होता रहा है। 'लोक' शब्द में अपनापन, भागीदारी और साझेदारी का भाव समाया हुआ है। केंद्रीय सचिवालय का नाम कर्तव्य भवन रखने के पीछे नौकरशाही में सेवा भाव और कर्तव्य बोध का संचार करने का भाव निहित है। दशकों से इसे अधिकार, फाइलों की गति, निर्णयों की शक्ति और नौकरशाही की ताकत का प्रतीक माना जाता रहा है लेकिन अब जब इसका नाम कर्तव्य भवन कर दिया गया है तो अब प्रत्येक अधिकारी को हर घड़ी स्मरण रहेगा कि शासन का आधार अधिकार नहीं, कर्तव्य है। दो दिन पहले तक जब हम प्रधानमंत्री कार्यालय सुनते थे तो मन में एक विशाल, अधिकार प्रदर्शित करने वाली इमारत का भाव आता था लेकिन सेवा तीर्थ नाम सुनते ही मन में एक अलग ही पवित्रता, जनता से जुड़ाव और विनम्रता का भाव उमड़ने लगा है। यही इस नामकरण का वास्तविक निहितार्थ है। नाम हमेशा भाव जगाते हैं, भाव संस्कृति गढ़ते हैं और संस्कृति राष्ट्र का चरित्र तय करती है। मोदी सरकार ने सिर्फ नाम ही नहीं बदले हैं बल्कि संदेश दे दिया है कि अब सत्ता जनता के पास लौट रही है। राजभवन अब उस पुराने औपनिवेशिक प्रतीक जैसे नहीं रहेंगे जहां जनता दूर खड़ी ताकती रहे। मेरे विचार में भविष्य में यह भी संभव है कि प्रधानमंत्री कार्यालय और राजभवनों तक जनता की सहज पहुंच और बढ़े क्योंकि मोदी सरकार का संकल्प ही जनता का शासन, जनता के लिए शासन और जनता के बीच रहकर शासन है। मोदी सरकार और जनता के बीच कोई दूरी नहीं चाहते हैं। देश में यह पहला अवसर है जब कोई सरकार हर मोर्चे पर कर्तव्य-पथ, अमृत काल और सेवा जैसे शब्दों को अपने कामकाज की आधारशिला बनाकर काम कर रही है। ऐसे में अब कर्तव्य भवन केवल नाम नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय मनोवृत्ति का निर्माण करने वाला है। यह नाम एक ऐसी भावना को बढ़ाएगा जो नौकरशाही को अधिक उत्तरदायी, संवेदनशील और नैतिक बनाएगी। यह नामकरण भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का महत्वपूर्ण अध्याय है। हम सब जानते हैं कि मोदी सरकार ने पहले भी कई औपनिवेशिक, विदेशी आक्रांताओं के नाम वाले और अप्रासंगिक नामों को बदलकर भारतीयता से जुड़े नाम स्थापित किए हैं। राजपथ को कर्तव्य पथ बनाना और मुगल गार्डन को अमृत उद्यान बनाना इसके बड़े उदाहरण हैं। सरकार भारतीय संस्कृति को उसका खोया हुआ गौरव लौटाने के लिए हर काम करना चाहती है। इन नामों के परिवर्तन के साथ ही भारत एक नए दौर में प्रवेश कर गया है, जहां शासन सेवा का प्रतीक बनेगा, सत्ता आमजन के समीप आएगी और प्रशासन अधिकारों का नहीं, कर्तव्य की भावना का प्रतीक बनकर उभरेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का मात्र अनुभव करें



संकलित
दर्शन

अकसर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे।जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का खयाल रखा जाएगा। आप बस उस पिंजरे में रहिए। क्या आप ऐसा चाहते हैं? क्या इससे आपको सुख मिलेगा? नहीं।

## झूठे आरोप का सामना धैर्य के साथ करें



संकलित
प्रेरणा

महाभारत की कथा है। उस समय द्वारका में सत्राजित नाम का व्यक्ति था, वह सूर्य भक्त था। उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर सूर्य देव ने उसे स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। इस मणि की खास बात ये थी कि ये हर रोज बीस तोला सोना देती थी। मणि की वजह से सत्राजित बहुत धनवान हो गया था। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में दे देंगे तो राज व्यवस्था के लिए हमें भी थोड़ा धन मिल जाएगा। श्रीकृष्ण की बात सुनकर सत्राजित ने मणि देने से मना कर दिया। सत्राजित की ना सुनकर श्रीकृष्ण वहां से अपने महल लौट आए। सत्राजित का एक भाई था प्रसेनजित। प्रसेनजित ने अपने भाई को बिना बताए उसकी स्यमंतक मणि ले ली और जंगल में शिकार खेलने चला गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। प्रसेनजित के पास से स्यमंतक मणि वही गिर गई। इधर सत्राजित को अपना भाई और मणि दिखाई नहीं दी तो उसने पूरी द्वारका में ये खबर फैला दी कि कृष्ण ने मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई प्रसेनजित की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण ने विचार किया कि इस कलंक को मिटाना होगा। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पंजों के निशान दिखाई दिए। श्रीकृष्ण मणि खोजने लगे। वहीं पास में एक गुफा के बाहर कुछ बच्चे मणि से खेल रहे थे, श्रीकृष्ण ने मणि देख ली। उस गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण गुफा में पहुंचे। गुफा में श्रीकृष्ण और जामवंत का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीते तो जामवंत ने अपनी पुत्री जामवती का विवाह श्रीकृष्ण से कर दिया और स्यमंतक मणि भी दे दी।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**जैविक खेती को बढ़ावा मिले**

फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक से कृषि करना जरूरी है, क्योंकि इससे किसानों को ज्यादा फायदा हो सकता है। हमारे देश का किसान अब आधुनिक तकनीक से कृषि करने भी लगा है। लेकिन अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह प्राणी जाति के लिए वरदान सिद्ध हो सकती है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। कुछ किसान अपनी फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी दवाइयों, खादों का प्रयोग करते हैं, जो उनकी फसलों पर उनका विपरीत असर भी पड़ता है। फल-सब्जियों की पैदावार या इनकी संभाल करने के लिए भी जो रासायनिक खादों और अन्य कैमिकल का प्रयोग किया जा रहा है, वह भी शरीर के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। इसलिए जैविक खेती को बढ़ावा देने की सख्त जरूरत है। *- हरीश यादव, भाटापारा*

## करंट अफेयर

### कुछ लोग घोर प्रतिस्पर्धी व कुछ काफी शांत क्यों होते हैं



यदि आप कभी अंडर-12 टीम का खेल देखने मैदान के किनारे बैठे हों, तो आपको पता होगा कि कुछ बच्चे बेहद प्रतिस्पर्धी होते हैं, जबकि अन्य केवल सामाजिक मेलजोल के लिए वहां होते हैं। कार्यस्थल पर दो सहकर्मी एक ही जैसे कार्य पर अलग-अलग प्रतिक्रिया दे सकते हैं, जहां एक खुद को साबित करने के लिए बहुत अधिक प्रयास करेगा, जबकि दूसरा इसे ज्यादा गंभीरता से नहीं लेगा। और हम सब जानते हैं कि पारिवारिक माहौल में क्या होता है। यह इस बात की याद दिलाता है कि प्रतिस्पर्धा सबसे करीबी रिश्तों की भी परीक्षा ले सकती है। कम या ज्यादा प्रतिस्पर्धी होने के अपने फायदे और नुकसान हैं, और ये पूरी तरह से संदर्भ पर निर्भर करते हैं। लेकिन असल में हम कितने प्रतिस्पर्धी हैं, इस अंतर को कौन सी चीज प्रभावित करती है, और क्या हम बदलाव का विकल्प चुन सकते हैं? प्रतिस्पर्धा आखिर है क्या : प्रतिस्पर्धा सिर्फ जीतने की चाहत से कहीं बढ़कर है। यह दूसरों से बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश और अपने आस-पास के लोगों से अपनी तुलना करके सफलता का मूल्यांकन करने की एक जटिल प्रवृत्ति है। लोग प्रतिस्पर्धी होने के पहलुओं का आनंद ले सकते हैं, जिसमें शामिल प्रयास और अच्छा प्रदर्शन, दोनों से संतुष्टि मिलती है।

## ऑफ बीट

### नाइजीरियाई लोगों पर वीजा प्रतिबंध लगाएगा अमेरिका



अमेरिका ने घोषणा की है कि वह नाइजीरिया में ईसाइयों के खिलाफ सामूहिक हत्याओं और हिंसा में शामिल इस पश्चिम अफ्रीकी देश के नागरिकों और उनके परिवारों के सदस्यों पर वीजा प्रतिबंध लगाएगा। अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को एक बयान में कहा कि यह कार्रवाई पश्चिम अफ्रीकी देश में लंबे समय से जारी जटिल सुरक्षा संकट का हिस्सा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में नाइजीरिया में 'चरमपंथी इस्लामवादियों' द्वारा 'ईसाइयों की हत्या' का जिक्र किया था। पिछले महीने ट्रंप ने अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन को ईसाई उत्पीड़न के दावों के मद्देनजर नाइजीरिया में संभावित सैन्य कार्रवाई की योजना शुरू करने का भी आदेश दिया था। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, 'अमेरिका, नाइजीरिया और उससे बाहर चरमपंथी इस्लामी आतंकवादियों, फुलानी जातीय मिलिशिया और अन्य हिंसक तत्वों द्वारा ईसाइयों के खिलाफ सामूहिक हत्याओं और हिंसा के जवाब में निर्णायक कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह नीति धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन में शामिल अन्य सरकारों या व्यक्तियों पर भी लागू होगी और ये प्रतिबंध आप्रवासन एवं राष्ट्रीयता अधिनियम के तहत एक नयी नीति के अनुरूप हैं।

## ट्रेंड

### स्वराज कौशल को श्रद्धांजलि



स्वराज कौशल के निधन से बहुत दुःख हुआ। वे भारत के सबसे युवा राज्यपाल बने और अपने कार्यकाल के दौरान मिज़ोरम के लोगों पर अमिट छाप छोड़ी। सांसद के रूप में उनकी अंतर्दृष्टि भी उल्लेखनीय थी। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### नया मिस्ट स्प्रे सिस्टम



आईटीओ पर नया मिस्ट स्प्रे सिस्टम। हेवी ट्रैफिक वाले इस हाई-इंटेंसिटी ज़ोन में धूल कणों को नियंत्रित कर वायु गुणवत्ता सुधारने में अहम भूमिका निभाएगा। इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर निगरानी तंत्र तक, नियमों की सख्ती से लेकर तकनीक के विस्तार तक, हर मोर्चे पर हम मिशन मोड में काम कर रहे हैं।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### रुपए की कीमत गिरी



रुपया आज 90 पार कर चुका है। सरकार चाहे कोई भी ढिंढोरा पीटे, रुपए की क़ीमत गिरने से ये पता चलता है कि देश की असली आर्थिक परिस्थिति क्या है। अगर मोदी सरकार की नीति ठीक होती तो रुपया नहीं गिरता ! देश आप से जवाब मांग रहा है।
**-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### आंध्र प्रदेश में करेंगे निर्माण



हम पूरे आंध्र प्रदेश में बंदरगाहों, हरित ऊर्जा, एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स विश्वविद्यालय और विश्वस्तरीय शहर अमरावती के निर्माण सहित अपने विस्तार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।
**- गौतम अदाणी, उद्यमी**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

भारत-रूस के रक्षा मंत्रियों के बीच हुई बैठक में रूस के रक्षा मंत्री एंड्री बेलौसोव ने की है ये घोषणा

# रक्षा उत्पादन में भारत को आत्मनिर्भर बनाने में मिलेगा रूस का पूरा सहयोग : बेलौसोव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दो दिवसीय यात्रा के पहले दिन गुरुवार को नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ केंद्र में दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों (राजनाथ सिंह, एंड्री बेलौसोव) के बीच सैन्य और सैन्य तकनीकी सहयोग को लेकर गठित किए गए भारत-रूस अंतर सरकारी आयोग की 22वीं बैठक हुई। जिसमें दोनों पक्षों ने इस बात को लेकर एक बार फिर से अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि हमारे संबंध एक गहरे विश्वास, समान सिद्धांतों और आपसी सम्मान की नींव पर टिके हुए हैं। बैठक के अंत में दोनों रक्षा मंत्रियों ने आईआरआईजीसी-एमएंडएमटीसी के तहत मौजूदा और संभावित सहयोग के क्षेत्रों से जुड़े एक प्रोटोकॉल दस्तावेज पर हस्ताक्षर के साथ उसका आदान-प्रदान भी किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। मालूम हो कि राजनाथ और बेलौसोव की ये बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और व्लादिमीर पुतिन के बीच शुक्रवार को हैदराबाद हाउस में भारत-रूस के बीच आयोजित किए जाने वाले 23वें वार्षिक शिखर सम्मेलन से ठीक एक दिन पहले आयोजित की गई है।

- बैठक के अंत में दोनों शीर्ष मंत्रियों ने किए प्रोटोकॉल दस्तावेज पर हस्ताक्षर

**इसलिए चाहिए स्वदेशी रक्षा उद्योग :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक में रूस के रक्षा मंत्री एंड्री बेलौसोव को भारत सरकार की स्वदेशी रक्षा उद्योग के क्षमता विकास को लेकर प्रदर्शित की जा रही प्रतिबद्धता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिसका उद्देश्य स्थानीय उत्पादन के साथ-साथ निर्यात जैसे दोहरे तत्वों पर ध्यान केंद्रित करना है।

### नए अवसरों पर टिकी भारत की निगाहें

मंत्रालय ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक में अपने रूसी समकक्ष के सामने विशेष-जटिल तकनीक से जुड़े क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक बढ़ाने के लिए नए अवसरों पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया है। जबकि एंड्री बेलौसोव की तरफ से आश्वासन के साथ यह कहा गया कि रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रूस के रक्षा उद्योग का शत-प्रतिशत सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### राजनाथ को दिया रूस यात्रा का न्योता

रूस के रक्षा मंत्री बेलौसोव ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अगले साल 2026 में आईआरआईजीसी-एमएंडएमटीसी की 23वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करने को लेकर रूस की यात्रा के लिए आमंत्रित किया है। साथ ही उन्होंने आपसी विश्वास पर आधारित दोनों देशों के संबंधों को और अधिक गहराई प्रदान करने पर भी जोर दिया है। बेलौसोव के मुताबिक, भारत और रूस कई सालों से एकजुटता के साथ अच्छे दोस्त हैं और दोनों के बीच सामरिक सहयोग भी है। रूस का रक्षा उद्योग भारत को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूर्ण सहयोग करने के लिए तैयार है। बैठक से पहले दोनों रक्षा मंत्रियों ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद मानेकशॉ केंद्र में रूस के रक्षा मंत्री ने भारत की तीनों सशस्त्र सेनाओं द्वारा दिए गए संयुक्त गार्ड ऑफ आर्नर का निरीक्षण किया।

हूती विद्रोहियों की कैद में 5 महीने रहने के बाद रिहा हुए भारतीय नाविक रवींद्रन

## हूती विद्रोहियों की कैद में पांच माह रहने के बाद रवींद्रन रिहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



हूती विद्रोहियों द्वारा इस साल जुलाई महीने में लाइबेरिया के ध्वज वाले एक मालवाहक जहाज 'एमवी इटरनिटी सी' पर ड्रोन और मिसाइल से हमला बोलने से जुड़ा हुआ है। जिससे उसमें सवार चालक दल के दो दर्जन से अधिक सदस्यों में से 4 डूब गए। जबकि भारतीय अनिल कुमार रवींद्रन समेत बाकी को विद्रोहियों ने बंधक बना लिया था। लेकिन अब इस मामले में एक अच्छी खबर मिली है। हूती विद्रोहियों ने भारतीय नागरिक के साथ ही अन्य सभी बंधकों को रिहा कर दिया है। जल्द ही रवींद्रन के सुरक्षित स्वदेश पहुंचने की संभावना है। यहां बता दें कि वह केरल के पथियूर गांव के रहने वाले हैं। मर्चेंट नेवी में शामिल होने से पहले वो एक सैनिक थे।

### छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, कार्यालय कार्यपालन अभियंता, मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक 05, खरसिया (छ.ग.)

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक **24.12.2025, 17:30** तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है-

| सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक | समूह क्र. | कार्य का नाम | निविदा की लागत (जी.एस.टी. छोड़कर) (लाख में) | आमंत्रण का क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 180904 | 03/व.ले.लि./ 2025-2026 दिनांक 03.12.2025 | 01 | खरसिया शाखा नहर के सिंघरा वितरक नहर अंतर्गत कुधरी उपवितरक नहर के आरडी 0 मी से 2460 मी तक लाईनिंग का रिनोवेशन कार्य । | 92.11 | प्रथम आमंत्रण |
| 180920 | 03/व.ले.लि./ 2025-2026 दिनांक 03.12.2025 | 02 | हसदेव बांगो आवासीय परिसर ठुसकेला खरसिया, उपेन्द्र नगर, मिनीमाता बागो नहर उपसंभाग क्र. 6 मदनपुर, मिनीमाता बांगो उपसंभाग क्र. 4 वि / यां. जल संसाधन विभाग सर्वे एवं बैराज निर्माण संभाग क्र. 1 एवं उपसंभाग क्र. 5. मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्र. 5 खरसिया के आवासीय भवन एवं बाउड्रीवाल का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य । | 100.88 | प्रथम आमंत्रण |
| 180925 | 03/व.ले.लि./ 2025-2026 दिनांक 03.12.2025 | 03 | खरसिया शाखा नहर के सिंघरा वितरक नहर अंतर्गत कुधरी उपवितरक नहर के आरडी. 2460 मी से 5760 मी तक लाईनिंग का रिनोवेशन कार्य । | 104.67 | प्रथम आमंत्रण |
| 180926 | 03/व.ले.लि./ 2025-2026 दिनांक 03.12.2025 | 04 | खरसिया षाखा नहर के टायंग वितरक नहर अंतर्गत जैमुरा माईनर के आरडी 0 मी से 2550 मी तक सी.सी. लाईनिंग का जीर्णोद्धार कार्य । | 108.61 | प्रथम आमंत्रण |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **10.12.2025 समय 17:31** बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है ।

**नोट:** (1) निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है ।
(2) निविदा की अनुमानित लागत एस. ओ. आर. दिनांक 01.05.2025 एवं दिनांक 08.08.2025 के जारी संशोधन के अनुसार है।
(3) निविदाकार द्वारा अपने वित्तीय प्रस्ताव में जी.एस.टी. सहित निविदा भरा जाना है।

**कार्यपालन अभियंता**
**मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक 5, खरसिया (छ.ग.)**

G- 252605222/4

संसद में राहुल, खड़गे और जयराम बरसे

## रुपये में गिरावट, प्रदूषण और किसानों की ज़मीन पर घेरा कांग्रेस ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



संसद के शीतकालीन सत्र के बीच कांग्रेस पार्टी के प्रमुख नेताओं ने केंद्र सरकार पर कई मोर्चों से तीखा हमला बोला। रुपये के 90 पार जाने से लेकर दिल्ली-एनसीआर की जहरीली हवा, किसानों की ज़मीन के कथित अधिग्रहण और युवाओं के लिए शुरू की गई इंटर्नशिप योजना की कथित विफलता पर मोदी सरकार की और सवाल उछाले गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने अलग-अलग मुद्दों पर केंद्र सरकार को निशाने पर लिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रुपये के ऐतिहासिक गिरावट पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 90 पार कर चुका है, जो अर्थव्यवस्था की 'वास्तविक हालत' को दिखाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुराने भाषण याद दिलाते हुए उन्होंने एक्स पर लिखा—'2014 से पहले मोदी जी कहते थे—'रुपया पतला क्यों हो रहा है, इसका जवाब देना पड़ेगा।'

### अमीरों के फायदे के लिए छीनी जा रहीं ज़मीनें

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 'जन-संसद' में दिल्ली की सीमा से लगे ग्रामीण प्रतिनिधियों से मुलाकात के बाद कहा कि मोदी सरकार 'विकास' के नाम पर गरीबों, किसानों और ग्रामीणों का हक़ छीन रही है। राहुल ने आरोप लगाया कि दिल्ली देहात में किसानों की ज़मीनों को हड़पने का 'संगठित षडयंत्र' चल रहा है। यूपीए सरकार का मज़बूत भूमि अधिग्रहण कानून दरकिनार किया जा रहा है।लैंड पूलिंग नीतियों के नाम पर किसानों को 'दबाव और धोखे' से उनकी पहचान और भविष्य से दूर किया जा रहा है।

### न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग - 4 जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र/202512104100004/अ-19 (3) / वर्ष-2025- 2026
ग्राम :- नगपुरा प.ह.नं. 03

**उद्‌घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि कार्यालय, कलेक्टर, भू-अभिलेख दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) के ज्ञापन क्रमांक 1416 / भू-अभि./अ.भू.अ./2025 दुर्ग दिनांक 6-8- 2025 के अनुसार कार्यालय कलेक्टर (भू-अभिलेख शाखा) दुर्ग के आदेश क्रमांक 1396 / भू. अभि./अ.भू.अ. / 2024 दुर्ग दिनांक 5-9-2024 के तहत कबीरधाम जिले के विकासखण्ड सहसपुर लोहारा अंतर्गत बरोदाखुर्द जलाशय योजना के निर्माण में क्षतिपूर्ति नवीनीकरण के लिये जिला दुर्ग के दुर्ग वनमंडल के अंतर्गत तहसील दुर्ग के ग्राम नगपुरा प.ह.नं. 03 तहसील व जिला दुर्ग के अंतर्गत खसरा नंबर 42, 71, 72, 100, 211, 214, 218, 1843, रकबा क्रमशः 02.95, 1.20, 3.45, 07.54 05.001, 01.76, 02.87, 12.689 कुल रकबा 37.46 हेक्टेयर भूमि को कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग कवर्धा जिला कबीरधाम छ.ग. के पत्र क्रमांक 3375/तक. / 2025 कवर्धा, दिनांक 13-7-2025 के द्वारा वन विभाग, के पक्ष में नाम परिवर्तन/ हस्तांतरित / आबंटित करने हेतु जांच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जो कि प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त भूमि को वन विभाग के नाम परिवर्तन / हस्तांतरण / आबंटन करने से कोई आपत्ति दावा या उजर हो तो स्वयं इस न्यायालय में पेशी दिनांक 17-12-2025 को लिखित में अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**जारी दिनांक - 02/12/2025**
**पेशी दिनांक-17/12/2025**

**नायब तहसीलदार**
**दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

G-252605221/2

### छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग
**नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)**

क्रमांक/1251/ADV/469/2025 नवा रायपुर, दिनांक : 03/12/2025

**-:: सूचना-पत्र ::-**

(1) छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा - 2025 के कुल 238 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 06/2025/परीक्षा/दिनांक 26/11/2025 रोजगार और नियोजन में प्रकाशन की तिथि 03/12/2025 जारी कर अभ्यर्थियों से दिनांक 01/12/2025 से 30/12/2025 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे ।

(2) समाज कल्याण विभाग के पत्र क्रमांक ESTB-101/384/2025-SW दिनांक 26/11/2025 द्वारा सहायक संचालक के 01 रिक्त पद को राज्य सेवा परीक्षा-2025 में शामिल किए जाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। आयोग द्वारा उक्त प्रस्ताव के अनुमोदन के आधार पर, विज्ञापित पदों की संख्या बढ़ाकर 239 की गई है।

(3) उक्त संबंध में जारी शुद्धि-पत्र क्रमांक 05/2025/ परीक्षा/ दिनांक 03/12/2025 एवं विस्तृत जानकारी आयोग की वेब-साईट **www.psc.cg.gov.in** में देखी जा सकती है।

**सही/-**
**सचिव,**
**छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग**
**नवा रायपुर अटल नगर**

G-252605233/2

नियम 267 को साफ़ किया सभापति ने

## रास में अब नहीं दिया जा सकेगा कार्यस्थगन प्रस्ताव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली


अब ये साफ़ हो गया की हर दिन राज्यसभा में जनहित का मामला बताकर नियम 267 के तहत सांसद आवेदन नहीं दे सकेंगे। देंगे तो समय की बर्बादी होगी। सभापति मानने को बाध्य नहीं होंगे। नियम 267 के तहत सभी सूचीबद्ध विधायी कार्यों की स्थगित कर हर दिन बखेड़ा खड़ा नहीं किया जा सकेगा। नव निर्वाचित सभापति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को आसंदी से व्यवस्था देते हुए साफ़ कहा कि राज्यसभा में लोकसभा की तरह कार्यस्थगन प्रस्ताव नहीं दिया जा सकता। नियम 267 के तहत, यानी सभी विधायी कार्य रोक कर चर्चा की मंज़ूरी तभी दी जा सकती है जब उठाये जाने वाले विषय पूर्व से सूचीबद्ध हों। ज़ाहिर है ऐसा हर दिन संभव नहीं होगा।

### इस स्थिति में होगा स्थगन

नियम 267 के अधीन किसी भी नियम को केवल उसी स्थिति में स्थगित किया जा सकता है जब वह विषय उसी दिन की सूचीबद्ध कार्यवाही से संबंधित हो । किसी भी सूचना में उस नियम का स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिए जिसे निलम्बित करने का प्रस्ताव है, तथा उसमें विधिवत रूप से तैयार किया गया प्रस्ताव भी शामिल होना चाहिए। सूचीबद्ध कार्यवाही से इतर किसी भी विषय पर दी गई सूचनाएं अमान्य होती हैं। पूर्व के नियमों का हवाला देते हुए सभापति ने कहा, नियम 267 का वर्तमान स्वरूप वर्ष 2000 में इस सभा द्वारा स्वीकृत संशोधन का परिणाम है। वर्ष 2000 की नियम समिति की अध्यक्षता तत्कालीन राज्यसभा के सभापति कृष्णकांत ने की थी और इसके सदस्य डा. मनमोहन सिंह, प्रणब मुखर्जी, अरुण शौरी, एम. वेंकैया नायडू, स्वराज कौशल, फाली एस. नारीमन आदि जैसे प्रतिष्ठित सदस्य थे।

## जमीन मामले में लालू परिवार को अस्थायी राहत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के परिवार को नौकरी के बदले जमीन घोटाले में गुरुवार को अस्थायी राहत मिली। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई मामले में लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव, मीसा भारती, हेमा यादव और अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश टाल दिया। अदालत ने सीबीआई को आरोपियों की स्थिति का सत्यापन करने का आदेश दिया है। यह कदम इसलिए उठाया गया है क्यों कि कार्यवाही के दौरान कुछ आरोपियों की मृत्यु हो गई हैं। कोर्ट ने सीबीआई से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है और मामले की अगली सुनवाई आठ दिसंबर के लिए तय की है।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756



**Appointment आवश्यकता**

**सुरक्षागार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- निविदा कार्य कंप्यूटर ऑपरेटर 3 15000 सुरक्षा गार्ड 56 वेतन 10000, 13000/- योग्यतानुसार (आवास फ्री) **संपर्क:-** ALERT SGS PRIVATE LIMITED, FF-6 **जे.शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर,** 7747000019, 7747000016, 7746000016, 7746000019. (RO-348)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की और आदमी की आवश्यकता है। गाड़ी की सुविधा और वेतन योग्यता के अनुसार **गणेश सेनेटरी एंड हार्डवेयर 9981737499, व्हाट्सएप - 8305386744.** (RO-6583)

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम की दुकान में टाटाऐस चलाने हेतु ड्राइवर एवं काम करने हेतु अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़को की आवश्यकता **संपर्क: दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर पास रायपुर** 98271-14645, 91311-39179. (RO-405)

**सेल्समैन/डिजाइनर**

आवश्यकता है- विज्ञापन एवं प्रिंटिंग ऑफिस हेतु अनुभवी सेल्समैन, ग्राफिक डिजाइनर, टेलीकॉलर हेल्पर, कंप्यूटर एवं मशीन ऑपरेटर, पीए, चपरासी एवं ड्राइवर की आवश्यकता है **संपर्क- मां एड एजेंसी रायपुरा चौक** 8871117007, 7974351591. (RO-4045)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**स्वीपर/ गेटकीपर**

आवश्यकता है- स्वीपर, गेट कीपर, माली, सम्पर्क : राजीव लोचन आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज चन्दखुरी दुर्ग 9111667500. (RO-6584)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य एवं टेलीकॉलिंग हेतु अविवाहित उत्साही लड़को की आवश्यकता है उम्र 18-28, वेतन 10,000/- +कमीशन +बोनस, ट्रेनिंग के पश्चात कमाये 15-20 हजार प्रतिमाह, रहना फ्री **संपर्क:-** 7870192397, 7796880121. (RO-385)

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- रायपुर, शंकर नगर vip वी आई पी कॉलोनी में घरेलू काम, झाड़ू पोंछा, चौका, बर्तन तथा साफ सफाई के लिए महिला कर्मी की आवश्कता है, **संपर्क करें** 94252 05358, 9424205358. (RO-19)

**अकाउन्टेंट**

आवश्यकता है- एकाउंट्स कार्य के लिए टैली के जानकार व्यक्ति की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार । हार्डवेयर दुकान में काम करने कर्मचारियों की आवश्यकता है वेतन 10000 से 15000 तक :- **जैन हार्डवेयर एंड टूल्स, बाम्बे मार्केट, रायपुर,** 9229101124. (RO-398)

**सिविल इंजीनियर**

आवश्यकता है- भिलाई बेस इंफ्रा कंपनी के कांकेर शहर के अंतर्गत निर्माणाधीन प्रोजेक्ट के लिए अन्नुभवी सिविल इन्जीनियर एवं लेबर दर पर अनुभवी ठेकादार की आवश्यकता है। शीघ्र सम्पर्क करें वेतन एवं दर योग्यता एवं क्षमतानुसार **संपर्क -** 77228-28505, 97550-42205. (आरो न.-695)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**गोडाऊन कार्य**

आवश्यकता है- मेंटल पार्क के पास पाईप गोडाउन म कार्य करने हेतु 3 परिवार वालों की आवश्यकता है। बिजली पानी एवमआवास सुविधा उप्लब्ध **संपर्क करें:-** 9340052647, 9229226552. (RO-1712)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- मंदिर हसौद स्थित फैक्ट्री में रात में अशोक लिलैंड / आयशर (Ashok Leyland /Eicher) गाडी चलाने हेतु एक ड्राईवर की आवश्यकता है। वेतन 25000/- **संपर्क- क्लासिक स्पार्कलर्स, फाफाडीह चौक, रायपुर, मो.- 9098092313.** (RO-788)

आवश्यकता है- एक्सपर्ट कार ड्राइवर चाहिये शासकीय सेवानिवृत्त को प्राथमिकता, वेतन आपसी सहमति से - **सम्पर्क करें- सुबह शाम 8 से 9 मो 7898132122.** (RO-A)

**सेल्समैन/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- पंडरी स्थित मैंस वेयर क्लॉथ/एथनिक शोरूम में काम करने हेतु 3 सेल्समैन, 3 हेल्पर, 1 कंप्यूटर ऑपरेटर एवं ट्रायल लेने हेतु मास्टर की आवश्यकता है । सैलरी+इनसेंटिव, **संपर्क** 9039709007, 11:30 से 9 बजे तक (RO-7388)

**मैनेजर/बैंक ऑफिस**

Required- Experienced candidates for bike/scooter showroom in Bhilai & Raipur Branch Manager, Sales manager, Sales Executive, Back office, Service Manager, Service Advisor, mechanic, Peon. Attractive salary and incentives extra. contact- 8871717004. (RO-39323)

**टेक्नीशियन**

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु टेलीकॉलर- 2, ऑफिस असिस्टेंट- 02, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव- 4, सर्विस टेक्नीशियन- 2, ऑफिस बॉय- 1 **संपर्क करे:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर मोबाइल नंबर:-** 9826652461. (RO-406)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- क्लिनीक/दवा कंपनी में कार्य हेतु, 10वीं/12वीं, पढ़े लड़की/लड़के की आवश्यकता है, दुर्ग निवासी को प्राथमिकता। मिलने का समय-शाम 5से 7बजे, **संपर्क- स्टेशन रोड स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फायनेंस के पीछे दुर्ग, डॉ . एच. सी .अग्रवाल-** 94255-55659 ,96177-89223. (आरो न.-4122)

**केयर टेकर**

आवश्यकता है- विकलांग युवक के देखभाल हेतु होनहार. कामकाजी युवक की आवश्यकता है, रहना खाना फ्री वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क नंबर - 7354988225 एड्रेस... होटल ए डी टॉवर सिद्धार्थ चौक टिकरापारा रायपुर।** (RO-403)

**सेल्स एग्जीकेटिव**

आवश्यकता है- प्रतिष्ठित आइसक्रीम ब्रांड Kaps IceCream हेतु दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर, अंबिकापुर, कोरबा, रायगढ़, संबलपुर क्षेत्र में अनुभवी सेल्स एग्जीक्यूटिव/ सेल्स ऑफिसर/ BDO की आवश्यकता है। योग्यता: IceCream/FMCG सेक्टर में सेल्स का अनुभव अनिवार्य । वेतन व अन्य भत्ते उद्योग मानकों के अनुसार। बायोडाटा सहित **संपर्क करें:** 7067161585, 9229124546, 8827394244. (RO-16569)

**होटलकर्मी**

आवश्यकता है- होटल कार्य (महिला/ पुरुष) पोस्ट - कुक/ शेफ, किचन स्टाफ, सुपरवाइजर, मैनेजर , रिसेप्शनिस्ट, सफाई कर्मचारी, वेटर,कप्तान .जानकार को प्राथमिकता। **संपर्क -होटल अपना केशरी ,होटल शिव- प्रभा , पावर हाऊस भिलाई, मो.-** 98932-15251, 89669-81590. (आरो न.-694)

**वेटर/हेल्पर**

आवश्यकता है- रेस्टोरेन्ट में तन्दूर रोटी कारीगर, मार्केटिंग स्टोर हेतु युवक (स्वयं का वाहन अनिवार्य ) वेटर, हेल्पर लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है खाना रहना फ्री सम्पर्क करें - **मुर्ग मसल्लम रेस्टोरेन्ट बिलासपुर** 7879121999. (RO-39318)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- शुअवसर 3000/- से 5000/- घर बैठे कमाएं। कच्चा माल हमसे लेकर तैयार माल दे। **संपर्क करें-** 9977376616 **पता- गोल्डन मार्बल के पीछे लक्ष्मी नगर, पचपेड़ी नाका के पास रिंग रोड़ नंबर-1, रायपुर** (RO-6587)

**अन्य**

आवश्यकता है- पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो **संपर्क करें** 8092366306, 9631470837. (RO-757)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

**Property प्रापर्टी**

**मकान**

बेचना है- अमलीडीह सेंट जोसेफ स्कूल रोड पर ईस्ट फेसिंग 1060 वर्गफीट प्लॉट एरिया में सर्वसुविधायुक्त 3 BHK डुप्लेक्स मकान 2000 वर्गफीट कंस्ट्रक्शन (पानी बोर सहित) अतिशीघ्र बेचना है **संपर्क करें मोबाइल नंबर:-** 9301690016. (RO-401)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - विजया फाइनेंस कंपनी द्वारा सभी प्रकार के लोन आधारकार्ड लोन, बिजनेस, पर्सनल, होम, कृषि, महिला ग्रुप लोन, 40% छूट, आसानी से घर बैठे लोन, 2% ब्याज दर पर **संपर्क:-** 7750826959, 9424164185. (RO-404)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

RAIPUR Smart BUSINESS
GST रजिस्ट्रेशन नम्बर बनवाएं मात्र 3 दिन में
5 साल पुरानी ITR फाइल बनवाएं मात्र 5000/- में (व्हाट्सएप पर बनवाएं)
www.onlytds.com
GST-Return
प्रोजेक्ट रिपोर्ट
TDS रिफंड
CMA DATA
MSME रजिस्ट्रेशन
Food लाइसेंस
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544






Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।





18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330



आज है इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे

# वॉलंटियर बनकर दुनिया बनाओ खूबसूरत

बच्चो, अपनी इच्छा से निस्वार्थ भाव से किसी की मदद करने वाले लोगों को वॉलंटियर्स कहते हैं। ये वॉलंटियर्स इंसानों की ही नहीं, पशु-पक्षियों और नेचर की केयर करने में भी पीछे नहीं रहते। इस दुनिया को सुंदर-प्यारा बनाए रखने में वॉलंटियर्स का बहुत बड़ा योगदान होता है। बच्चो, तुम भी एक अच्छे वॉलंटियर बनकर अपने समाज-देश और पूरी दुनिया को खूबसूरत बनाओ।

अवेयरनेस
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, किसी की मदद करने का भाव तो हम सबके मन में होता है लेकिन इसे व्यवहार में उतारना आसान नहीं होता। अपने डेली रूटीन से किसी अच्छे काम के लिए समय निकालना मुश्किल होता है। किसी से मिलकर उसकी जरूरत या परेशानी के बारे में पूछने का काम भी सब नहीं कर पाते। सेवा-सहायता के इन प्यारे भावों को प्रैक्टिकली कर दिखाने का काम वॉलंटियर्स करते हैं। कैसे बिना किसी फायदे की चाह के अपनी छोटी-छोटी कोशिशों से किसी का मददगार बना जाए? कैसे अच्छी बातों को बर्ताव में उतारा जाए? किस तरह बिना दिखावे के किसी का साथ दिया जाए? किस तरह मोर्चे पर डटकर प्रकृति का ख्याल रखा जाए? पूरे तन-मन से कैसे किसी का मनोबल बढ़ाया जाए? ये सब कुछ ऐसे सेवाभावी लोगों यानी वॉलंटियर्स से सीखा जा सकता है।

## छोटे-छोटे कदम भी अहम

प्यारे बच्चो, किसी की सहायता करने या उसे संबल देने का काम हर कोई कर सकता है। बच्चे भी कर सकते हैं। वॉलंटियर के रूप में जरूरी नहीं कि बड़े स्तर पर ही कुछ किया जाए। अपने घर, आस-पड़ोस, सड़क, स्कूल, पार्क हर जगह सहयोगी सिटीजन की भूमिका निभाई जा सकती है। मुसीबत में मददगार बनने या फिर दुःख तकलीफ में किसी का साथ देने के लिए बस इच्छा शक्ति की दरकार होती है। असल में कंसर्न की सोच अपना लें तो पॉजिटिव भागीदारी का रास्ता मिल ही जाता है। इस सरोकारी समझ से हमारा छोटा सा कदम भी किसी की बहुत बड़ी मदद कर सकता है। हेल्प करने, साथ देने की इस सोच से पूरी दुनिया सुंदर बन सकती है। सबका जीवन सहज-सरल हो सकता है।

## यूं बनो मददगार

बच्चो, बड़ा दिल, खुली सोच और किसी की तकलीफ को समझने वाला हर इंसान वॉलंटियरिंग कर सकता है। जैसे किसी बुजुर्ग की मदद करना, पार्क में पेड़-पौधे लगाना, स्कूल में किसी साथी को चोट लगने या बीमार होने पर उसका बैग उठाना, ऐसे सभी काम सहायता का सुंदर भाव ही तो हैं। अपने एरिया में साफ-सफाई करते लोगों का साथ देने से लेकर घर में काम करने वाले सहायकों का बेवजह काम ना बढ़ाना भी, सेवा करने जैसा ही है। बच्चो, सिंपैथी और साथ देने की यह सोच बहुत से लाइफ स्किल्स भी सिखाती है। किसी तरह की कठिनाई या जरूरत में दूसरों का सहयोग करना अपने जीवन को संभालना भी सिखाता है। औरों का जीवन सहज बनाने के लिए किया गया छोटे से छोटा काम जिंदगी का सुंदर पाठ पढ़ाता है। इसीलिए न केवल खुद किसी की मदद करने की सोच रखनी चाहिए बल्कि वॉलंटियर्स का खूब सम्मान भी करना चाहिए। बच्चो, तुम्हें ऐसे पॉजिटिव काम करते देखकर दूसरे साथी भी प्रोत्साहित होते हैं। दुनिया को बेहतर बनाने के लिए तुम जैसे नन्हे वॉलंटियर्स की भूमिका भी बहुत अहम है। *








### इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे

बच्चो, हर साल 5 दिसंबर को मनाया जाने वाला इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे असल में प्यार, परवाह और साझे जीवन का ही संदेश लिए है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1985 में शुरू किया गया यह खास दिन हर वर्ष एक विशेष संदेश देने वाले विषय यानी थीम को लेकर मनाया जाता है। साल 2025 में इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे की थीम है 'हर योगदान मायने रखता है।' इस थीम का मैसेज भी यही है कि बिना स्वार्थ की गई सेवा का हर छोटा या बड़ा कदम मायने रखता है। जितना संभव हो हम सबको यह सेवाभाव रखना चाहिए। समय, सेवा, धन या मान-मनोबल को उन लोगों तक पहुंचाना चाहिए, जो किसी तरह की परेशानी में हैं। इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे सभी को अपनी इच्छा से औरों के लिए हेल्पफुल बनने का संदेश भी देता है। साथ ही यह दिन दुनिया भर में उन लोगों को धन्यवाद देने का मौका भी है, जो अपना अनमोल वक्त स्वैच्छिक सेवा देने में लगाते हैं। सही मायने में मदद करने की भावनाओं को धरातल पर उतारते हैं। अपने आस-पास देखोगे तो तुम्हें भी ऐसे बहुत से संवेदनशील लोग मिल जाएंगे, जो किसी का सहयोग करने में आगे रहते हैं। बच्चो, इस वर्ष इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे की थीम 'एवरी कॉन्ट्रिब्यूशन मैटर्स' को याद रखते हुए तुम भी सहजता से किसी जरूरतमंद के लिए जो कुछ किया जा सके, वह जरूर करो।

बच्चो, अपने देश में एक ऐसी जगह है, जो 'मिनी स्विटजरलैंड' के नाम से दुनिया भर में मशहूर है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, मनोरम घाटियों, झीलों और हरे-भरे चारागाहों को देखने देश-दुनिया से पर्यटक आते हैं। जानो, भारत के 'मिनी स्विटजरलैंड' खज्जियार के बारे में।

# भारत का मिनी स्विटजरलैंड खज्जियार

अमेजिंग प्लेस
नयनतारा



बच्चो, अपने देश में प्राकृतिक सुंदरता और विविधता की भरमार है। यहां हिमालय की बर्फीली चोटियों से लेकर धूप में खिलते समुद्री तटों तक कई मोहक नजारे देखे जा सकते हैं। हमारे देश के कुछ स्थानों की तुलना अकसर विश्वविख्यात अंतरराष्ट्रीय डेस्टिनेशंस से भी की जाती है। भारत में एक जगह ऐसी भी है, जिसकी तुलना स्विटजरलैंड देश से की जाती है, इसे 'मिनी स्विटजरलैंड' भी कहा जाता है। इसका नाम है-खज्जियार।

**स्विटजरलैंड जैसा खूबसूरतः** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में, डलहौजी से लगभग 24 किमी दूर धौलाधार पर्वत श्रृंखला के नीचे स्थित है खज्जियार। यहां दूर तक फैले हुए हरे घास के मैदान, विशाल पहाड़, गहरी घाटियां, क्रिस्टल की तरह साफ झीलें और हर तरफ प्राकृतिक सुंदरता छाई रहती है। किसी खूबसूरत पेंटिंग जैसा सुंदर दिखने वाला यह मनोरम स्थल कई मायने में यूरोपीय देश स्विटजरलैंड जैसा है।



**'मिनी स्विटजरलैंड' नाम कैसे-कब पड़ाः** बच्चो, खज्जियार को यूं ही मिनी स्विटजरलैंड नहीं कहा जाता, बल्कि आधिकारिक रूप से इसे यह नाम दिया गया है। दरअसल, भारत में स्विटजरलैंड के तत्कालीन राजदूत विल्ली पी. ब्लेजर ने 7 जुलाई 1992 को खज्जियार को आधिकारिक तौर पर विश्व के उन 160 स्थानों में शामिल किया, जो 'मिनी स्विटजरलैंड' कहे जाते हैं। उन्होंने खज्जियार में एक साइनबोर्ड भी लगवाया, जिसमें स्विस राजधानी बर्न से खज्जियार की दूरी 6,194 किमी दर्शाई गई है। मतलब यह कि स्विस सरकार भी खज्जियार को आधिकारिक तौर पर मिनी स्विटजरलैंड मानती है। यह बात स्विटजरलैंड की राजधानी बर्न में स्विस संसद के पास एक शिलालेख पर भी दर्ज है।

**प्राकृतिक आपदाओं का रहता है खतराः** खज्जियार की गिनती निश्चित तौर पर भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के सबसे खूबसूरत स्थानों में होती है। लेकिन यहां भूकंप एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं का खतरा बना रहता है। यह स्थान समुद्र तल से लगभग 1,920 मी. या 6,300 फीट की ऊंचाई पर स्थित है, जो इसके क्लाइमेट और वनस्पति जगत को प्रभावित करता है। खज्जियार को भूकंप जोन 5 के अंतर्गत रखा गया है, जिसका अर्थ है कि यहां अधिक तीव्रता के भूकंप का खतरा बना रहता है। *

कविता / दिनेश विजयवर्गीय

## सर्दी की धूप

रेशम-सी मुलायम लगती
सर्दी की अलसाई धूप।
देर से आकर जल्दी जाती
भागम-भाग मचाती धूप।
बूढ़े-बच्चे धूप सेंकते
तन को बहुत सुहाती धूप।
दादा जी पढ़ते अखबार
जब आ जाती छत पर धूप।
धुंध कोहरा जब छा जाता
नजर न आती सोनल धूप।
शीत लहर के आतंक से
बेबस-सी हो जाती धूप।
सरसों के पीले खेतों में
गीत खुशी के गाती धूप।



## हंसगुल्ले

**हिंदी टीचर :** 'दांत खट्टे करना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करो।
**आनंद :** मैंने रोहन को इमली खिलाकर उसके दांत खट्टे कर दिए।
**-तुषार, रायपुर**

**टीचर :** तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
**रोहन :** सर, यही कि वे सब अब इस दुनिया में नहीं हैं।
**-केशव, बिलासपुर**



**पापा (सौरभ से) :** अगर तुम महान काम करोगे, तो तुम्हारा नाम अमर हो जाएगा।
**सौरभ :** लेकिन पापा, मेरे पुराने नाम का क्या होगा?
**-सुमन, भोपाल**

## जीके क्विज-182

1. हाल ही में पीएम मोदी ने किस सिख गुरु के सम्मान में एक विशेष सिक्का और स्मारक डाक टिकट जारी किए?
2. बैडमिंटन में ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?
3. बिहार के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
4. केरल की राजधानी कहां है?
5. 'मधुशाला' किस लेखक की प्रसिद्ध रचना है?
6. एलपीजी सिलिंडर में मुख्य रूप से कौन-सी गैस भरी होती है?
7. किस विटामिन को सोलर विटामिन कहा जाता है?
8. काठमांडू किस देश की राजधानी है?
9. कंगारू किस देश में पाया जाता है?
10. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?



बच्चों, जीके क्विज-182 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-181 का उत्तर :** 1.मीनाक्षी हूडा, 2.फातिमा बॉश, 3.फिलीपींस, 4.तैराकी, 5.हरा, 6. एंटनी वान ल्यूवेनहॉक, 7.सिक्किम, 8.जयप्रकाश नारायण, 9.न्यूटन, 10.इंदिरा प्वॉइंट

**जीके क्विज-181 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, सूरज-रायपुर, कोमल-दुर्ग, साकेत-बिलासपुर, अंकित-रोहतक, अंश-भोपाल, शेखर-महासमुंद, हर्ष-बालोद



कहानी
अखिलेश श्रीवास्तव चमन

# बंटी बेवकूफ है!

बंटी ने जब-जब किसी के साथ गलत-बुरा होते देखा, उसने उसकी मदद करनी चाही। लेकिन पापा ने उसे यह कहकर रोका, 'काहे दूसरों के मामले में अपनी टांग अड़ाते हो, यह बेवकूफी है।' फिर भी बंटी ने दूसरों की मदद करना नहीं छोड़ा। एक दिन तो बंटी की बुरी तरह पिटाई हो गई। क्या इसके बाद बंटी ने लोगों की मदद करना छोड़ दिया?



'पापा...पापा वो देखो।' बालकनी में खड़े बंटी ने तेज आवाज में कहा और सीढ़ियों की तरफ दौड़ पड़ा। कमरे में बैठे पापा बालकनी में आए, देखा कि सामने सड़क पर एक लड़का गिरा पड़ा था, तीन लड़के उसकी पिटाई कर रहे थे।

'अरे बंटी! रुक...रुक...रुक बेटा!' आवाज देते पापा बंटी के पीछे दौड़े। सीढ़ियों से उतर कर बंटी घर से बाहर निकलने ही वाला था कि पापा ने उसकी बांह पकड़ ली। पापा ने डांटते हुए पूछा, 'तू कहां जा रहा है?'

'उस भैया की मदद करने। देखा नहीं आपने, तीन लड़के अकेले भैया की कैसी पिटाई कर रहे हैं?' बंटी अपनी बांह छुड़ाने की कोशिश करते हुए बोला।

'तुमसे क्या मतलब? चल अंदर..।' पापा ने गुस्से में कहा और दरवाजा बंद कर बंटी को ऊपर खींच लाए। बंटी मन मसोस कर रह गया।

ऐसे ही एक दिन बंटी अपने पापा के साथ स्कूटर पर बाजार जा रहा था। रास्ते में उसके बगल से एक मोटर साइकिल निकली, जिस पर दो नौजवान लड़के बैठे हुए थे। अचानक मोटर साइकिल सड़क के किनारे पैदल जा रही एक महिला के बगल में रुकी और पीछे बैठे लड़के ने झपट्टा मार कर उस महिला के गले से चेन खींच ली।

महिला सड़क पर गिर गई। वह चिल्लाती रही और मोटर साइकिल सवार लड़के तेजी से भाग गए।

'पापा...वो देखो उस मोटर साइकिल पर जा रहे लड़के आंटी के गले से चेन खींच कर भाग गए। आंटी जमीन पर गिर गई हैं।' बंटी ने पापा से कहा।

'तू चुप कर...।' पापा ने कहा और स्कूटर की स्पीड तेज कर दी।

'पापा...मैंने मोटर साइकिल का नंबर पढ़ लिया है। उसके आखिर में बी. एन. सिक्स थ्री नाइन टू लिखा था। हमें पुलिस को बता देना चाहिए।' बंटी बोला।

'तुमने कुछ नहीं देखा है। बस अपने काम से काम रखा करो। और सुनो, किसी से यह कहने की जरूरत नहीं कि तुमने मोटर साइकिल का नंबर देखा था।' पापा बोले।

'आखिर क्यों पापा? पुलिस को बता देने से शायद बदमाश पकड़ लिए जाएं, आंटी की चेन मिल जाए।' बंटी बोला। 'बेवकूफी की बात मत कर। मैं जितना कह रहा हूं, बस उतना ही सुन।' पापा ने जोर से डांटा। बंटी अपना मन मारकर बैठ गया।

उस दिन स्कूल में छुट्टी के बाद कक्षा सात और कक्षा आठ की क्रिकेट टीमों के बीच मैच था। अपनी कक्षा सात की टीम का एक खिलाड़ी बंटी भी था। मैच खत्म होने के बाद स्कूल से लौटने में देर हो गई थी। शाम का हल्का अंधेरा हो गया था। रास्ते में अचानक एक सुनसान गली से किसी लड़की के चीखने की आवाज सुनाई पड़ी। बंटी ने रुक कर इधर-उधर देखा, सामने दो बदमाश लड़के एक लड़की का रास्ता रोके खड़े थे। एक लड़के ने लड़की का हाथ पकड़ रखा था। लड़की रो रही थी। वह बार-बार 'प्लीज मुझे छोड़ दीजिए...प्लीज मुझे जाने दीजिए..' बोल रही थी, लेकिन वे बदमाश लड़के उसको जाने नहीं दे रहे थे।

सड़क पर जा रहे लोग लड़की की आवाज सुन कर गली की तरफ एक नजर देखते थे और आगे बढ़ जाते थे। किसी ने भी बचाने की कोशिश नहीं की। बंटी से रहा नहीं गया। वह तेजी से बदमाश लड़कों की ओर बढ़ा और अपना बैट पीछे से एक बदमाश के कंधे पर पूरी ताकत से दे मारा। इस अचानक हुए हमले से बदमाश घबरा गए। वे लड़की को छोड़ बंटी से भिड़ गए। इतने में लड़की को मौका मिल गया। वह भाग कर सड़क पर आई और 'बचाओ...बचाओ...बचाओ...बचाओ' चिल्लाने लगी। जब तक लोग जुटे तब तक वे बदमाश लड़के बंटी को पीटकर वहां से भाग गए थे। खबर मिली तो बंटी के पापा-मम्मी भागे-भागे वहां पहुंचे। उसे तुरंत घर ले आए फिर फर्स्ट एड करने के बाद पापा ने बंटी से कहा, 'बार-बार समझाया है मैंने, दूसरों के टंटे में मत पड़ा करो, लेकिन तुम सुनते ही नहीं। तुम्हें ऐसी बेवकूफी करने की क्या जरूरत थी, जो लड़की को बचाने चले गए। तुम क्या शक्तिमान हो?' मम्मी भी बोलीं, 'बंटी, तुम इस तरह की बेवकूफी क्यों करते हो, जो दूसरों की वजह से पिटो।'

लेकिन बंटी को अपनी बेवकूफी पर कोई पश्चाताप नहीं था। वह मन ही मन सोच रहा था, किसी के साथ कुछ बुरा हो रहा हो तो उसकी मदद करना, विरोध करना कैसे बेवकूफी कही जाएगी? इस तरह लोग चुप रहेंगे तो बदमाशों का चारों तरफ बोलबाला हो जाएगा। सभी को मिलकर इसका विरोध करना चाहिए। *

छोटी कहानी / मुग्धा

## आलस्य का त्याग

एक चील थी। उसके दो नन्हे-नन्हे बच्चे थे। बच्चों के पंख आने में अभी काफी समय था, लेकिन वे अपनी मां से बाहर घुमाने की जिद करते। मां उन्हें अपनी पीठ पर बैठाकर घुमा देती थी। असल में चील अपने बच्चों से बहुत प्यार करती थी। उनकी सभी इच्छाएं पूरी करती थी। बच्चों को सब कुछ बैठे-बिठाए मिल जाने की वजह से बच्चे आलसी हो गए। यहां तक कि वे खुद उड़ने से कतराने लगे। चील ने कितना समझाया कि वे उड़ना सीखें, जरूरी है। लेकिन आलसी बच्चे उड़ने की जरा-सी भी कोशिश नहीं करते। चील अपने बच्चों के इस आलसीपन से बहुत दुखी थी।



एक दिन सुबह-सुबह चील ने बच्चों को अपनी पीठ पर बैठाकर ऊंची उड़ान भरी। ऊंचाई पर पहुंचकर चील ने पीठ पर बैठे दोनों बच्चों को गिरा दिया। वे करते तो क्या करते, मजबूरी में दोनों बच्चों ने अपने पंख फड़फड़ाना शुरू कर दिए, वे किसी तरह उड़े। जैसे-तैसे उन बच्चों ने अपनी जान बचाई। वापस आकर दोनों बच्चे अपनी मां पर बिगड़े, बोले, 'मां, आज तो आपने हमें मरवा ही दिया था। अगर हमने कोशिश कर अपने यह पंख न फड़फड़ाए होते, तो सोचो हमारे साथ क्या हो जाता?' चील ने हंसकर अपने बच्चों से कहा, 'जो लोग अपने आप नहीं सीखते हैं, आलस्य नहीं छोड़ते हैं, उन्हें सिखाने का यही नियम है। बच्चो, हमारी पहचान ऊंची उड़ान से है, यही हमारी विशेषता है। इसे बढ़ाने के लिए हमें निरंतर अभ्यास करते रहना चाहिए।' चील के बच्चों को अपनी मां की बातें समझ आ गईं। इसके बाद उन्होंने आलस्य छोड़कर उड़ना शुरू कर दिया। लगातार अभ्यास से वे भी काफी ऊंचाई पर उड़ने लगे। अब वह उड़ने के लिए अपनी मां पर निर्भर नहीं थे। *

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां रेंडियर के साथ खड़ी लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये छह अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी छह अंतर खोजो।



उत्तर: [illegible]

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## अपनों से बिछड़े अली की कहानी




बड़े और पूरे-पूरे पृष्ठों पर फैले हुए चित्रों वाली एक कहानी की किताब है-मैं अली। मूल रूप से अंग्रेजी में लिखी गई इस कहानी की किताब का हिंदी अनुवाद अभी छपकर आया है। देश की सीमा पर बसे एक छोटे से गांव की इस कहानी में एक परिवार की बात है। एक बार युद्ध होता है। इससे अफरा-तफरी मच जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि उस परिवार का गांव नदी के आर-पार दो हिस्सों में बंट जाता है। परिवार के जो लोग अपने मवेशी चराने जंगल की तरफ जाते हैं, वह एक अलग देश बन जाता है। एक हिस्से में रहने वाले लोगों को दूसरे हिस्से में आने-जाने पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। इस वजह से परिवार का एक बच्चा अली, अपने मां, पिता और बहन से बिछड़कर एक बुजुर्ग के पास रह जाता है। यह बच्चा बड़े होने पर जब यह सब जानता है, तब क्या सोचता है और उसके मन में कैसी बातें आती हैं, यह इस किताब में पढ़ा जा सकता है। यह किताब युद्ध और उससे होने वाले बंटवारे से उपजी तकलीफों को प्रकट करती है। *

**किताब :** मैं–अली, **लेखन :** सुजाता पद्मनाभन, **अनुवाद :** विनता विश्वनाथन,
**मूल्य :** 70 रुपए, **प्रकाशक :** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

## खबर संक्षेप

### महिंद्रा की अनुषंगी कंपनी ने सीआईई में हिस्सेदारी बेची



**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) की अनुषंगी कंपनी ने सीआईई ऑटोमोटिव एस ए में 3.58 प्रतिशत हिस्सेदारी लगभग 11.9 करोड़ यूरो में बेच दी। लिमिटेड ने अपनी हिस्सेदारी का एक हिस्सा बेच दिया है, जो सीआईई ऑटोमोटिव एसए के शेयरों का 3.58 प्रतिशत है।

### एयर प्यूरीफायर की बिक्री 30 प्रतिशत बढ़ी : क्रोमा




**नई दिल्ली।** टाटा समूह की इलेक्ट्रॉनिक्स खुदरा कंपनी क्रोमा ने कहा कि 2025 में अब तक एयर प्यूरीफायर की मांग सालाना आधार पर 30 प्रतिशत बढ़ी है। क्रोमा द्वारा जारी एयर प्यूरीफायर खरीद पर एक रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में एयर प्यूरीफायर की बिक्री सबसे अधिक रही। कुल बिक्री में दिल्ली-एनसीआर का हिस्सा 72 प्रतिशत रहा।

---

- आयात महंगा होने से मुद्रास्फीति बढ़ने का खतरा
- रुपया पहली बार 90 के स्तर से फिसलकर 90.15 रुपए प्रति डॉलर

### गिरावट से निर्यातकों व आईटी उद्योग को फायदा

# कमजोर रुपए से कुछ क्षेत्रों को फायदा मुद्रास्फीति बढ़ने का अंदेशा: विशेषज्ञ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विशेषज्ञों का कहना है कि डॉलर के मुकाबले रुपये में आई तीव्र गिरावट से निर्यातकों और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) उद्योग को कुछ फायदा होगा लेकिन आयात महंगा होने से मुद्रास्फीति बढ़ने का खतरा भी बढ़ जाएगा। रुपया बुधवार को पहली बार 90 के स्तर के नीचे फिसलकर 90.15 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। यह रुपये का अब तक का सबसे निचला बंद स्तर है। बृहस्पतिवार को रुपये में कुछ सुधार आया और यह 19 पैसे चढ़कर 89.96 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। रुपये की कीमत में आई गिरावट का घरेलू अर्थव्यवस्था पर मिला-जुला असर पड़ने का अनुमान है। इसे लेकर सरकार पर इसका राजनीतिक दबाव भी बढ़ गया है और मामला संसद में भी उठाया गया।

#### कच्चे माल का आयात महंगा होगा

ब्रिकवर्क रेटिंग्स के मॉडल विकास एवं शोध प्रमुख राजीव शरण ने कहा, /''रुपये का कमजोर होना निर्यातकों- खासकर आईटी एवं वस्त्र क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाता है। लेकिन कच्चे तेल, रसायनों और अन्य कच्चे माल का आयात महंगा होने से कंपनियों की लागत बढ़ेगी जिसका असर लाभ पर पड़ेगा और व्यापार घाटा भी बढ़ सकता है।/''

#### यह रुपए का अब तक का सबसे निचला बंद स्तर है



#### आरबीआई ने 89 के स्तर पर बनाए रखा था

इस बीच, डीबीएस बैंक ने एक रिपोर्ट में कहा कि पिछले दो सप्ताह में रिजर्व बैंक ने हस्तक्षेप कर रुपये को 89 प्रति डॉलर के आसपास बनाए रखा था, लेकिन इस सप्ताह 90 के स्तर के टूटने को भारतीय मुद्रा के नए संतुलन की ओर बढ़ने के संकेत के रूप में देखा जा सकता है।

#### रुपए पर कई प्रकार का दबाव जारी

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा में देरी, कमजोर पोर्टफोलियो निवेश और विनिर्माण/ निर्यात को बढ़ावा देने की कोशिशें भी रुपये पर दबाव डाल रही हैं। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशों की निकासी जारी रहने और व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के कारण निवेशकों का रुख सतर्क बना हुआ है।

#### लोगों की आर्थिक परेशानी बढ़ा रहा

राज्यसभा सदस्य विवेक के. तन्खा ने भी इस पर चिंता जताते हुए कहा कि 90 रुपये प्रति डॉलर से नीचे फिसला रुपया सामान्य लोगों के लिए आर्थिक परेशानी बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा, /''आम आदमी के लिए गिरता रुपया नियोक्ता की तरफ से सूचना दिए बगैर वेतन घटा देने जैसा है। इसकी वजह यह है कि आपका पैसा हर दिन कम चीजें खरीद पाता है।/

#### विदेश पढ़ने जाने वाले छात्रों पर पड़ेगा दबाव



अंतरराष्ट्रीय शिक्षा ऋणदाता प्रॉडिजी फाइनेंस ने कहा कि 2026 में विदेश पढ़ाई के लिए जाने वाले भारतीय छात्रों को गिरते रुपये, विदेश में जीवन-यापन की बढ़ती लागत और बजट के गलत अनुमान के कारण ज्यादा दबाव झेलना पड़ेगा। रुपये में उतार-चढ़ाव से विदेशी मुद्रा में होने वाले खर्च और कर्ज की किस्तें काफी बढ़ जाती हैं।

#### घरेलू मांग कमजोर पड़ सकती है

शरण ने यह भी कहा कि मुद्रास्फीति बढ़ने से घरेलू मांग कमजोर पड़ सकती है और जिन कंपनियों के वित्तीय सुरक्षा-उपायों से रहित विदेशी कर्ज हैं उन पर वित्तीय दबाव बढ़ सकता है। रुपये की गिरावट को लेकर विपक्ष ने सरकार को कठघरे में खड़ा किया है।

#### रुपए का कमजोर होना देश की आर्थिक स्थिति बगड़ने का संकेत

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा, /''गुजरात के मुख्यमंत्री रहते समय मोदी रुपये की गिरती कीमत पर केंद्र से जवाब मांगते थे। अब वही सवाल उनसे पूछा जाना चाहिए।/'' खरगे ने संसद परिसर में कहा कि रुपये का कमजोर होना देश की आर्थिक स्थिति बिगड़ने का संकेत है।

---

## रिलायंस, टीसीएस और इंफोसिस 'प्रोवोक' की वैश्विक सूची में शामिल




- प्रोवोक मीडिया वैश्विक 100 प्रभावशाली औद्योगिक हस्तियों की सूची है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस सहित करीब छह शीर्ष कंपनियों के संचार एवं विपणन प्रमुखों को 'प्रोवोक मीडिया' 2025 की वैश्विक 100 प्रभावशाली औद्योगिक हस्तियों की सूची में शामिल किया गया है। इस सप्ताह जारी सूची में रिलायंस के समूह संचार प्रमुख रोहित बंसल, इन्फोसिस के वैश्विक मुख्य विपणन अधिकारी सुमित विरमानी, टीसीएस के वैश्विक मुख्य विपणन अधिकारी अभिनव कुमार, वेदांता की समूह संचार निदेशक रितु झिंगन, गोदरेज इंडस्ट्रीज समूह के मुख्य संचार अधिकारी सुजीत पाटिल और जिंदल स्टील की कॉरपोरेट ब्रांड एवं संचार प्रमुख अर्पणा कुमार आहूजा ने शामिल है। लंदन स्थित प्रोवोक मीडिया ने अपनी वेबसाइट पर दी जानकारी में कहा, ''इन्फ्लुएंस-100 दुनिया भर में सर्वाधिक प्रभावशाली 'इन-हाउस' संचारकों की वार्षिक सूची है। ये वरिष्ठ संचार, कॉरपोरेट मामले एवं विपणन अधिकारी हैं जिनके निर्णय प्रतिष्ठा, एजेंसी साझेदारी एवं सार्वजनिक सहभागिता को प्रभावित करते हैं।'

#### टीसीएस में अभिनव ने कंपनी के ब्रांड मूल्य को बढ़ाया

प्रकाशन ने कहा कि अभिनव कुमार ने टीसीएस में 22 साल के कार्यकाल में कंपनी के ब्रांड मूल्य को 2010 में 2.3 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 2024 में 19 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक करने में मदद की है।

---

## आरबीआई ने तैयार की देश में सबसे सुरक्षित बैंकों की सूची, कभी नहीं डूबेगा पैसा


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हम आप में से कई लोग बैंक में अकाउंट खुलवाते हैं ताकि पैसा सुरक्षित रहे और उस पर मिले ब्याज से मोटी कमाई भी हो। बैंक में पैसा जमा करने के बाद हम यह सोचकर टेंशन फ्री हो जाते हैं कि अब हमारा पैसा सिक्योर है, लेकिन कब बैंक दिवालिया हो जाए और कब आपके पैसे डूब जाए इसका कोई भरोसा नहीं।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया,एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक देश का सबसे सुरक्षित बैंक बताया है। आरबीआई ने इनकी पहचान देश के सबसे सिस्टेमिकली जरूरी फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन के तौर पर की है और इन्हें डोमेस्टिक सिस्टेमिकली जरूरी बैंक (डी-एसआईबी) बताया है। आरबीआई के इस ऐलान के साथ अब यह पक्का हो गया है कि ये तीनों ही इंस्टीट्यूशन बैंकिंग सेक्टर में अपनी एक अहम जगह रखते हैं।

#### इनकी सेफ्टी है बहुत जरूरी

डी-एसआईबी के तौर पर इन बैंकों की पहचान 2024 में की गई थी, जो एक बार फिर से अपनी साइज और देश की इकोनॉमी के लिए अहमियत की वजह से आगे हैं। डी-एसआईबी को इतना जरूरी माना जाता है कि इसके फेल होने पर देश के फाइनेंशियल सिस्टम पर बहुत बुरा असर पड़ता है, जिससे बड़े पैमाने पर दिक्कतें आ सकती हैं इसलिए सरकार और रेगुलेटर उनकी स्टेबिलिटी पक्का करने के लिए कमिटेड हैं और इन्हें फेल होने से बचाने के लिए कदम उठाए जाते रहे हैं।



#### बैंक में कितना सिक्योर आपका पैसा?

अगर आपका जिस बैंक में अकाउंट है वह किसी कारण से डूब गया है या बंद हो गया है, तो आपको आपकी जमा राशि का अधिकतम 5 लाख तक ही वापस किए जाएंगे। अगर आपके अकाउंट में इससे ज्यादा अमाउंट है, तो भी आपको 5 लाख से ज्यादा नहीं मिलेंगे। अगर कम अमाउंट है, तो पूरा का पूरा वापस मिल जाएगा। दरअसल, डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन के तहत सरकार बैंक में डिपॉजिट पर इंश्योरेंस कवर मुहैया कराती है। 4 फरवरी 2020 से पहले बैंक में जमा राशि तक डिपॉजिट इंश्योरेंस 1 लाख रुपए ही हुआ करता है, जिसे 2020 में बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दिया गया है।

#### क्या है डी-एसआईबी?

डोमेस्टिक सिस्टेमिकली इम्पोर्टेन्ट बैंकों का कॉन्सेप्ट सबसे पहले 2014 में शुरू हुआ। यह फाइनेंशियल स्टेबिलिटी को मजबूत करने की आरबीआई की कोशिश का एक हिस्सा था। 2015 में इनकी पहचान करनी शुरू कर दी गई। डोमेस्टिक सिस्टमिकली इम्पॉर्टेंट बैंक उन बैंकों को कहा जाता है, जो अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभाते हैं। इसमें अगर कुछ गड़बड़ी हुई, तो देश का पूरा सिस्टम हिल सकता है इसलिए इन पर सरकार की पैनी नजर रहती है और मुसीबत के समय बचाने के लिए सबसे आगे आती है।

#### एक्स्ट्रा कैपिटल मेंटेन करना जरूरी

हाई बकेट की कैटेगरी को शामिल होने वाले इन बैंकों को अपने पास ज्यादा कैपिटल रखने की जरूरत है। एक्स्ट्रा कॉमन इक्विटी टियर 1 (सीईटी 1) कैपिटल। संभावित नुकसान या रिस्क को झेलने में मदद मिल सके। एक्स्ट्रा सीईटी 1 कैपिटल का लेवल डी-एसआईबी फ्रेमवर्क में बैंक के क्लासिफिकेशन के आधार पर अलग-अलग होता है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को बकेट 4 में रखा गया है, जिसके लिए उसे एक्स्ट्रा 0.80 परसेंट सीईटी1 कैपिटल बनाए रखना होगा। एचडीएफसी बैंक बकेट 2 में बना हुआ है, जिसके लिए एक्स्ट्रा 0.40 परसेंट सीईटी 1 कैपिटल की जरूरत है। आईसीआईसीआई बैंक बकेट 1 में है, जिसके लिए इसे एक्स्ट्रा 0.20 परसेंट सीईटी1 कैपिटल मेंटेन करना होगा।

---

## स्बरबैंक व जेएससी ने भारत में नया म्यूचुअल फंड किया पेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रूस के सबसे बड़े बैंक 'स्बरबैंक और जेएससी फर्स्ट एसेट मैनेजमेंट ने एक नया म्यूचुअल फंड 'फर्स्ट-इंडिया' पेश किया है जो निफ्टी 50 सूचकांक के प्रदर्शन से जुड़े निवेश की पेशकश करता है। इससे रूसी खुदरा निवेशकों को भारत के शेयर बाजार में सीधे निवेश का मौका मिलेगा।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की बृहस्पतिवार से शुरू हो रही लगभग 27 घंटे की भारत यात्रा के बीच यह घोषणा हुई है। शेयर बाजार ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि इस फंड की पेशकश की घोषणा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) में आयोजित एक कार्यक्रम में स्बरबैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं कार्यकारी बोर्ड के चेयरमैन हरमन ग्रेफ ने अपनी भारत की व्यावसायिक यात्रा के दौरान की। ग्रेफ ने कहा, '' हम अपने रूसी ग्राहकों के लिए निवेश के अवसरों का एक और द्वार खोल रहे हैं इस बार दक्षिण एशिया में..हमारा नया उत्पाद दुनिया के प्रमुख आर्थिक बाजारों में से एक भारतीय शेयर बाजार में निवेश का एक सुविधाजनक तरीका प्रदान करता है। ग्रेफ ने कहा, '' अब तक, भारतीय परिसंपत्तियों में निजी निवेश चाहने वाले रूसी निवेशकों के लिए कोई सीधा विकल्प मौजूद नहीं था। हालांकि, हमने दोनों देशों के बीच एक नया और कुशल वित्तीय सेतु बनाया है।

---

## साइबर सुरक्षा पर राजस्व छह अरब डॉलर पहुंचने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय डेटा सुरक्षा परिषद (डीएससीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश के साइबर सुरक्षा उत्पाद कंपनियों के राजस्व के 2026 तक करीब छह अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। आईटी उद्योग निकाय नैसकॉम की डेटा सुरक्षा इकाई के अनुमान के अनुसार भारतीय साइबर सुरक्षा उत्पाद कंपनियों ने 2025 में 4.46 अरब अमेरिकी डॉलर का राजस्व अर्जित किया है। डीएससीआई के सीईओ विनायक गोडसे ने



'वार्षिक सूचना सुरक्षा शिखर सम्मेलन' 2025 में कहा, भारत की साइबर सुरक्षा उत्पाद कंपनियों का राजस्व 2026 में अच्छी वृद्धि के लिए तैयार है। 2026 में इसके 5.98 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्ष में इस क्षेत्र में चार गुना वृद्धि हुई है। गोडसे ने कहा, 2025 में इस खंड में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत की वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) एक महत्वपूर्ण कारक होगा जिसका इस खंड पर प्रभाव पड़ेगा। गोडसे ने कहा, '' ...हम अब भी एआई के प्रभाव का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। हम यह भी देख रहे हैं कि वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य ने बाजार को भारतीय साइबर सुरक्षा कंपनियों के लिए अनुकूल बना दिया है।

---

## फ्लिपकार्ट के आर्डर में 40 फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने इस साल अपने ग्राहक आधार और ऑर्डर संख्या में हाल के वर्षों की सबसे बड़ी वृद्धि दर्ज की है। इस दौरान दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में भी उसके ग्राहकों की संख्या बढ़ी है। अपनी पूरी प्रणाली में 20 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा दी, जो बड़े शहरों और छोटे शहरों में उसकी बढ़ती लोकप्रियता को दिखाता है। 21 प्रतिशत और त्योहार के बाद की अवधि में सालाना आधार पर लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

---

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**तांदुला जल संसाधन संभाग जिला-दुर्ग (छ.ग.)**
(E-mail :- eetwrdrg@cgwrd.in,
Govt. ID- eetwrdrg-wrd@cg.gov.in) (टलीफोन नं.-0788-4036118)

आदेश क्रमांक 6763/व.ले.लि./2025-26 दुर्ग, दिनांकः 03/12/2025

सिस्टम निविदा क्र.177478 / (प्रथम आमंत्रण) निविदा सूचना क्र. 06/वलेलि /2025-26, दुर्ग दिनांक 13.10.2025 के माध्यम से दुर्ग (बेमेतरा) जिले के विकासखण्ड बेरला के बारगांव नाला व्यपवर्तन के शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार एवं नहर की रिमाडलिंग एवं लाईनिंग कार्य आर.डी. 0 मी. से 5700 मी. तक साथ ही 01 नग वियर, 09 नग व्ही.आर.बी. निर्माण एवं 15 नग कोलाबा फिक्सिंग कार्य की आमंत्रित निविदा में एक ही निविदाकार को योग्य पाये जाने से एकल निविदा होने के कारण प्रतिस्पर्धा के अभाव में निरस्त की जाती है।

(आशुतोष सारस्वत)
कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग
दुर्ग (छ.ग.)

जी. नम्बर- 252604159
G-252605232/4

**State Urban Development Agency, Chhattisgarh**
4th Floor, D Block, Indrawati Bhavan (HOD Building), Nava Raipur Atal Nagar, Chhattisgarh, 492002
Phone 0771-2222401 Fax 0771/2222409 Email: osd.suda@yahoo.com

**RFP Notice**

RFP No./09/SUDA/AT-O&M/2025-26/5990 Nava Raipur Atal Nagar, Dated 03/12/2025

The State Urban Development Agency (SUDA), Chhattisgarh hereby invites proposals in conformity with the RFP document from registered and authorized agencies having experience and expertise in the similar field of work as per the criteria mentioned in the RFP document as below:

| System Tender No. | Name of the Work | EMD | RFP Document Fee | Last date to download the RFP |
|---|---|---|---|---|
| 181120 | "RFP for Selection of an Agency for the Operation and Maintenance of Aspirational Toilets under SBM 2.0 in Chhattisgar" | INR 5,00,000/- | INR 10,000/- | 26.12.2025 |

The details regarding conditions stipulated in the RFP, EMD, Key dates for submission, detailed RFP, RFP document and all the information related to the RFP can be viewed and downloaded from e-procurement portal https://eproc.cgstate.gov.in or departmental website https://uad.cg.gov.in.

SD/-
Chief Executive Officer
State Urban Development Agency,
Nava Raipur Atal Nagar

S-46122/1

**कार्यालय, नगर पंचायत देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

क्र./878/न.पं./ लो.नि.वि. /2025 देवकर दिनांक 03/12/2025

**// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //**

एतद् द्वारा नगर पंचायत देवकर द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से नान एस.ओ.आर के तहत निविदा तीन लिफाफा पद्धति से रजिस्टर्ड डॉक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रतिशत दर पर फार्म "एबीसी" में निम्न विवरण अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 19/12/2025 दोपहर 5:30 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 23/12/2025 दोपहर 5:30 बजे तक
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 29/12/2025 दोपहर 3.00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि - 29/12/2025 शामं 04.00 बजे ।

| क्र. | कार्य का विवरण | मद का नाम | लागत राशि | अमानत राशि FDR में | निविदा प्रपत्र शुल्क | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | क्लोरीनेशन कार्य (आटोमेटिक) 1 से 3 एच. पी. मोटर पंप हेतु (05 नग ) | 15 वॉ वित्त | 5.04 लाख | 5000/- | 750/- | 03 माह |

उरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेब साईट http://uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत देवकर

S-46123/1

**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का उपकम) (CIN- U40108CT2003SGC015822) (GSTIN-22AADCC6047K1ZR)
कार्यालय मुख्य अभियंता (सिविल–डिस्ट्रीब्यूशन) सी–1, सी–2 पॉवर कंपनी परिसर, डंगनिया, रायपुर (छ.ग.) – 492013
दूरभाष : 0771-2574626 वेबसाइट : www.cspdcl.co.in ई–मेल आई डी : cecivil.cspdcl@cspc.co.in

कमांक : 04–03/ सिविल-डिस्ट्री / कार्य / 1990 रायपुर, दिनांक 24.11.2025

**ई– निविदा सूचना**

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में सिविल कार्यो के लिये सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों अथवा अपंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु छत्तीसगढ स्टेट पॉवर कंपनीज के ई–बिडिंग पोर्टल पर आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| कं. | निविदा विशेषीकरण कमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत जीएसटी सहित (रूपए लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की राशि जीएसटी सहित | कार्यपूर्णता अवधि | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | Contractor's eligibility |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CEC/D/ W/25-26 /85 | Annual watch & ward care taking and Up-Keeping of camping house at Gandhinagar campus Ambikapur (C.G.) | 6.03 Lacs | Rs. 6,100/- | Rs.2000/- | 12 (Twelve) months | 23.12.25 Up to 13:00 Hrs. | 23.12.25 13:15 Hrs. onwards | A-II and above as per eligibility Criteria |
| 2 | CEC/D/ W/25-26 /86 | Necessary Civil Works for ADM office at 132 KV S/s Colony Geedam Road Jagdalpur (C.G.) | 5.62 Lacs | Rs. 5,700/- | Rs.2000/- | 03 (Three) months | 23.12.25 Up to 13:00 Hrs. | 23.12.25 13:15 Hrs. onwards | A-II and above as per eligibility Criteria |
| 3 | CEC/D/ W/25-26 /87 | Upgradation of approach to central room building and switch yard with cement concrete pavement at 33/11 KV S/s Gohrapadar under O&M Dn. Gariyaband (C.G.) | 9.09 Lacs | Rs. 9,100/- | Rs.2000/- | 03 (Three) months | 23.12.25 Up to 13:00 Hrs. | 23.12.25 13:15 Hrs. onwards | A-II and above as per eligibility Criteria |
| 4 | CEC/D/ W/25-26 /89 | Repair and maintenance of SE (O&M) Circle office functioning in B-Type residential quarter with upgradation of toilet facilities at BTI campus Mahasamaund (C.G.) | 7.13 Lacs | Rs. 7,200/- | Rs.2000/- | 03 (Three) months | 23.12.25 Up to 13:00 Hrs. | 23.12.25 13:15 Hrs. onwards | A-II and above as per eligibility Criteria |
| 5 | CEC/D/ W/25-26 /90 | Necessary Civil repair and maintenance work in RAO-2 office at Gudhiyari Raipur (C.G.) | 6.05 Lacs | Rs. 6,100/- | Rs.2000/- | 03 (Three) months | 23.12.25 Up to 13:00 Hrs. | 23.12.25 13:15 Hrs. onwards | A-II and above as per eligibility Criteria |
| 6 | CEC/D/ W/25-26 /91 | Regarding civil repair and maintenance work in the hostel room toilet, common toilet, and caretaker room at Executive Hostel, CTI premises, Gudhiyari, Raipur (C.G.) | 6.12 Lacs | Rs. 6,200/- | Rs.2000/- | 03 (Three) months | 24.12.25 Up to 13:00 Hrs. | 24.12.25 13:15 Hrs. onwards | A-II and above as per eligibility Criteria |
| 7 | CEC/D/ W/25-26 /92 | Repair and maintenance of 01 unit F Type Quarter Building (F5 to F8) at 33/11 KV S/s and office premises Balodabazar under O&M Dn. Balodabazar | 8.63 Lacs | Rs. 8,700/- | Rs.2000/- | 04 (Four) months | 24.12.25 Up to 13:00 Hrs. | 24.12.25 13:15 Hrs. onwards | A-II and above as per eligibility Criteria |
| 8 | CEC/D/ W/25-26 /93 | Necessary civil maintenance & electrification work of E.E. (O&M) Division office building at BTI campus CSPDCL, Mahasamund (C.G.) | 6.99 Lacs | Rs. 7,000/- | Rs.2000/- | 03 (Three) months | 24.12.25 Up to 13:00 Hrs. | 24.12.25 13:15 Hrs. onwards | A-II and above as per eligibility Criteria |
| 9 | CEC/D/ W/25-26 /94 | Strengthening of approach road by CC road on Normal soil and providing & fixing of 01 No. Iron Gate at 33/11 KV S/s premises Hasoud Under (O&M) Dn. Sakti (C.G.) | 8.12 Lacs | Rs. 8,200/- | Rs.2000/- | 03 (Three) months | 24.12.25 Up to 13:00 Hrs. | 24.12.25 13:15 Hrs. onwards | A-II and above as per eligibility Criteria |
| 10 | CEC/D/ W/25-26 /95 | Repair and maintenance work of ND type 02 units staff quarter (Nos-11 & 16) at Tifra colony premises CSPDCL Bilaspur | 6.00 Lacs | Rs. 6,000/- | Rs.2000/- | 03 (Three) months | 24.12.25 Up to 13:00 Hrs. | 24.12.25 13:15 Hrs. onwards | A-II and above as per eligibility Criteria |


नोट – 1. उक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट www.Cspdcl.co.in से भी डाउनलोड की जा सकती है। 2. शुद्धिपत्र / निरस्तीकरण / समयवृद्धि की जानकारी कंपनी के ऊपर उल्लेखित वेबसाईट एवं कार्यालय के सूचनापटल पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक निदेशक (सिविल)
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि.,रायपुर

SAVE ELECTRICITY

# पोते-पोतियों की देखभाल के लिए पैसे वसूलती है ये दादी

**लंदन।** ब्रिटेन की एक दादी इन दिनों अपने चौंकाने वाले वीडियो के कारण इंटरनेट पर सुर्खियां बटोर रही हैं। यह मॉडर्न ग्रैनी अपने ही बच्चों से अपने पोते-पोतियों की देखभाल के लिए 10 पाउंड प्रति घंटा (लगभग 1,200 रुपए) वसूलती है। इतना ही नहीं, अगर पोते-पोती रात भर साथ रुकते हैं, तो यह 'केयरटेकिंग सर्विस' सीधे 100 पाउंड (लगभग 12,000 रुपए) हो जाती है। यह महिला उस पुरानी सोच को दरकिनार करती है, जहां दादा-दादी अपने पोते-पोतियों को सिर्फ देखकर ही खुश हो जाते थे। यह मॉडर्न दादी सुबह उठने से पहले



अपने बैंक बैलेंस का अलार्म सेट करती है। वेल्स की रहने वाली इस महिला के शॉकिंग खुलासे के बाद सोशल मीडिया दो हिस्सों में बंट गया है। एक तरफ जहां लोग महिला को स्वार्थी और पैसों की लालची कह रहे हैं, क्योंकि पोते-पोतियों की देखभाल बिना शर्त वाला प्यार का हिस्सा होता है। लेकिन, इस दादी को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि लोग क्या कहेंगे। वह अपने विवादित बयान पर अड़ी हुई है, और वीडियो में उसने साफ तौर पर कहा है, मैंने 40 की उम्र में दादी बनने के लिए साइन नहीं किया था। मैं तो इस काम के बजाय नौकरी करना ज्यादा पसंद करूंगी। महिला ने आगे कहा, अगर मैं अपने पोते-पोतियों की देखभाल कर रही हूं, तो मेरा मेहनताना मिलना ही चाहिए। महिला का तर्क है कि सुबह-सुबह बिना जरूरत के उठना और बच्चों की भाग-दौड़ संभालना उन्हें मजबूर करता है, इसलिए ये 'सर्विस'मुफ्त क्यों हो? यूके की वेबसाइट द सन की रिपोर्ट के अनुसार, महज तीन दिन पहले अपलोड किए गए इस वीडियो को अब तक लाखों बार देखा जा चुका है, और टिप्पणियां आग लगा रही हैं।

उर्मिला मेमोरियल सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
200 बिस्तरों का सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल
UMH आयुष्मान भव:
24x7 आपातकालीन सुविधा
पेट, लीवर एवं आंत रोगों का विश्वसनीय चिकित्सा संस्थान
हाईटस हर्निया
- सीने में दर्द
- डकार आना
- खाना निगलने में परेशानी
- सोते समय मुंह में पानी आना
- छाती के किसी हिस्से में दर्द
- बार-बार सूखी खांसी आना
- सीने में जलन



Pro. Dr. Vinod Kumar Singh
Consultant Laparoscopic Surgeon
17 Years of Experience in advanced laparoscopic Surgery & Surgical Gastroenterology

हृदय की नि:शुल्क ECHO जांच 13 दिसम्बर 2025 | लीवर की नि:शुल्क फाइब्रोस्कैन जांच 25 दिसम्बर 2025 | डायबिटीक फुट की नि:शुल्क जांच 27 दिसम्बर 2025 | पेट रोगों हेतु नि:शुल्क इंडोस्कोपी जांच 30 दिसम्बर 2025
ALL TPA, INSURANCE, SECL, SAIL, RAILWAY, AIRPORT, NTPC, CG STATE & CENTRAL GOVT., CSEB
नहर रोड, भाठागांव, रायपुर (छ.ग.)
मो.: 0771-4088820, 9109125524, 95899 56859

बैद्यनाथ नागपूर असली आयुर्वेद
आयुर्वेद अपनाए..स्वस्थ रहें!



स्वस्थ हृदय ही अच्छे स्वास्थ्य की पहचान है।
बैद्यनाथ असली आयुर्वेद
अर्जुनामृत



A.U.4127/09/25/283
- अर्जुनामृत में अर्जुन के अलावा विडंग, गोखरू एवं नागकेशर जैसे बहुमूल्य जड़ी-बूटीयों से युक्त होने से अधिक गुणकारी है।
- बढ़ती उम्र के लिए लाभकारी।
- अर्जुनामृत के साथ शुध्द शिलाजीत युक्त प्रभाकर बटी का सेवन विशेष लाभदायक है।

**श्री नरेन्द्र भदोरिया, धमतरी**
प्र. मेरी उम्र 43 वर्ष है। शारीरिक कमजोरी आयी है। इस कारण शारीरिक संतुष्टी नही हो पाती। इस कारण बहुत परेशान हूँ।
उ. **बैद्यनाथ वीटा एक्स गोल्ड प्लस कॅप्सूल** 1–1 कॅप्सूल सुबह – शाम भोजन के बाद दूध के साथ लें। साथ में बैद्यनाथ धातुपौष्टिक चूर्ण 1 से 2 चम्मच समान भाग मिश्री और दुध के साथ लें।

**श्री आशुतोष पैगवार, राजनांदगाव**
प्र. मेरी बेटी की उम्र 20 वर्ष है, उसे एक सप्ताह से बुखार है, गले में खराश भी है। कृपया उपचार बतायें।
उ. **बैद्यनाथ महासुदर्शन घन बटी** 1–1 टॅबलेट दिन में दो बार पानी के साथ भोजन के बाद दे, साथ में **बैद्यनाथ सितोपलादि चूर्ण** एक चम्मच सुबह–शाम शहद के साथ दे।

**श्री छत्रपाल सिंग, दुर्ग**
प्र. मुझे 5 साल से डायबिटीज है। आँखें के सामने अंधेरा छा जाता है व दिनभर के काम से रात में अत्याधिक थकान महसूस करता हूँ।
उ. **बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगरफ्री)** 1–1 चम्मच दुध के साथ सुबह शाम भोजनबाद लेवें। **बैद्यनाथ मधुमेहारि ग्रेन्युल्स** 1 से 2 चाय के चम्मच पानी के साथ लेवें।

**श्रीमती संध्या चौधरी, बिलासपुर**
प्र. मेरी उम्र 60 वर्ष है, मुझे चलते समय घुटनों में बहुत दर्द होता है। उठते–बैठते कमर दर्द भी रहता है, कृपया उपचार बतायें।
उ. **बैद्यनाथ महारास्नादि काढ़ा** 3–3 चम्मच समभाग पानी के साथ सुबह–शाम भोजन के बाद लें। साथ में **बैद्यनाथ पेन क्विट टॅबलेट 1–1** टॅबलेट सुबह–शाम पानी के साथ लें। **बैद्यनाथ पेन क्विट ऑईल** की दर्द के जगह हलकी मालिश करें।

वैद्य रमेश शर्मा, एम. डी. (आयु.)
प्रधान वैद्य
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: 844 844 4935 | www.baidyanath.co

राइनोप्लास्टी



नाक को सही (रिशेपिंग) करना
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com